संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 254
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
बुधवार 18 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



हमारे पास सामर्थ्य भी और संकल्प भी

आसियान समिट में बोले पीएम मोदी, अस्थिरता खत्म करने पर भी दिया जोर

मनीला, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान–भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दुनिया ने लगातार कई संकटों का सामना किया है। आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और भरोसेमंद माहौल की जरूरत है। ऐसे में इस वर्ष की थीम श्हम सब मिलकर अपने भविष्य की राह तय करेंश विशेष महत्व रखती है। आने वाले वर्षों में आसियान कम्युनिटी विजन 2045 और विकसित भारत 2047 हमारी साझा आकांक्षाओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा श्हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी जिससे हम आपसी भागीदारी को नई दिशा दे सकते हैं।ष हमारा मानना है कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक–दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे



> दुनिया को आज सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और भरोसेमंद माहौल की जरूरत है। हमारे पास सामर्थ्य भी है और संकल्प भी। भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। हमें मिलकर अपने क्षेत्र के भविष्य की नई दिशा तय करनी है।
>
> *नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

कहा कि पिछले 12 वर्षों में हमने अपनी साझेदारी को नई गति दी है। अब हमें मिलकर अपने क्षेत्र के भविष्य के लिए नई दिशा तय करनी होगी। आसियान की एकता और इस साझेदारी में उसकी केंद्रीय भूमिका के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट है और आगे भी बनी रहेगी। मुझे विश्वास है कि आज की यह बैठक हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और एक सुरक्षित, समावेशी तथा समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र के निर्माण में योगदान देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने भारत–आसियान संबंधों को नई गति और गहराई दी है। हमारी साझेदारी अब साझा संस्कृति और विरासत से आगे बढ़कर डिजिटल, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भी नए आयाम हासिल कर चुकी है। वर्ष 2014 से अब तक लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए 100 से अधिक पहल की गई हैं, करीब 250 क्विक इंपैक्ट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और कौशल विकास के लिए 10 हजार से अधिक छात्रवृत्तियां दी गई हैं। आज भारत और आसियान के नौ देशों के बीच सीधी उड़ानें और बढ़ता पर्यटन हमारे मजबूत संबंधों का प्रमाण हैं। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के इस समूह (क्वाड) की ये बैठक डोनाल्ड ट्रंप के लिए पहली होगी। ये बैठक इस समूह के पिछले सम्मेलन के दो साल बाद हो रही है, जिसे उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन अपनी विदेश नीति की एक बड़ी उपलब्धि मानते थे।

मनीला के खालसा दीवान गुरुद्वारे पहुंचे पीएम मोदी

फिलीपींस दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मनीला स्थित खालसा दीवान गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और यहां उन्होंने ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया और स्थानीय सिख समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

उत्तराखंड में बड़ा हादसा:

टिहरी गढ़वाल के गूलर में पुल से गिरी बस, नौ की मौत, 27 घायल

टिहरी, एजेंसी। टिहरी जिले में गूलर घाटी के पास आज सुबह हुए बस हादसे में नौ लोगों की जान चली गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए। घायलों में से भी छह की हालत गंभीर बनी हुई है। बस हरिद्वार से चमोली कर्णप्रयाग जा रही थी। हादसे के बाद एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया। आज मंगलवार 17 नवंबर को सुबह करीब 4:30 बजे यात्री बस गूलर बाजार के पास अनियंत्रित होकर गूलर पुल से करीब 100 मीटर नीचे गदेरे में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की ब्यासी पोस्ट से उपनिरीक्षक सावर सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए ढालवाला और एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय से भी अतिरिक्त टीमें भेजी गईं। दुर्गम रास्ते और



कठिन परिस्थितियों के बीच एसडीआरएफ के जवानों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। कुल 27 घायलों को स्ट्रेचर की मदद से सड़क तक पहुंचाया गया। यहां से एंबुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजा गया। हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो यात्रियों ने ऋषिकेश एम्स में दम तोड़ दिया। सभी मृतकों की शिनाख्त हो गई है। एसएसपी श्वेता चौबे ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों को हाल जाना। एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्रा के अनुसार, बस हादसे की शुरुआती वजह सड़क पर तीव्र ढलान वाला मोड़ प्रतीत हो रही है। इस दौरान क्रैश बैरियर भी बस को रोकने में प्रभावी साबित नहीं हुआ। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त बस का टैक्स 31 अक्तूबर को ही समाप्त हो चुका था। हादसे से संबंधित जानकारी के लिए एम्स ऋषिकेश के ट्रॉमा एंड डिजास्टर हेल्पलाइन नंबर 1800–180–4278 और व्हाट्सएप नंबर 9084670331 पर संपर्क किया जा सकता है।

हरिद्वार में 11 महीने की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी सौरभ पुलिस गिरफ्त में

हरिद्वार, एजेंसी। उत्तराखंड के हरिद्वार में कथित रूप से 11 माह की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी सौरभ को बाल्मीकि चौक के पास से सोमवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ आगे



की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हरिद्वार में सिडकुल क्षेत्र की एक निजी फैक्ट्री में काम करने वाला सौरभ बिहार के भागलपुर का रहने वाला है। भुल्लर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी की मेडिकल जांच करायी जा रही है। उधर, 15 नवंबर की रात हुई घटना के बाद गंभीर हालत में अस्पताल में उपचार के लिए ले जायी गयी बच्ची की मेडिकल जांच में उसके साथ दुष्कर्म के प्रयास की पुष्टि हुई हुई है। हालत बिगड़ने पर उसे हरिद्वार जिला चिकित्सालय ले जाया गया था जहां से उसे ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर कर दिया गया था। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी युवक सौरभ रोती हुई बच्ची को चुप कराने के बहाने से अपने कमरे में ले गया और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

नफरत के जाल में फंसे समर्थक

ऑनलाइन ट्रोलिंग पर राहुल का भाजपा–आरएसएस पर हमला

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा पलटवार किया। यह प्रतिक्रिया तब आई जब उनके माता–पिता के बीच के स्नेहपूर्ण रिश्ते को लेकर की गई एक टिप्पणी के बाद उन्हें ऑनलाइन ट्रोल किया गया। राहुल गांधी अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण, श्बिलॉन्गिंगरू अ जर्नी ऑफ लवश के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, श्भाजपा और आरएसएस समर्थकों के दिलों में डर, गुस्से और नफरत का एक ऐसा जाल बुना हुआ है, जो उन्हें प्यार को महसूस करने और उसे जाहिर करने से रोकता है। अपनी आलोचना को और विस्तार देते हुए, उन्होंने पारंपरिक मूल्यों पर आधारित अपने दार्शनिक मिशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक सच्चे हिंदू के रूप में, मेरा यह कर्तव्य है कि मैं उन्हें इस जाल से मुक्त करूं, ताकि वे भी अपने जीवन में प्रेम और अपनत्व की



> भाजपा और आरएसएस समर्थकों के दिलों में डर, गुस्से और नफरत का एक ऐसा जाल बुना हुआ है, जो उन्हें प्यार को महसूस करने और उसे जाहिर करने से रोकता है। एक सच्चे हिंदू के रूप में, मेरा यह कर्तव्य है कि मैं उन्हें इस जाल से मुक्त करूं।
>
> *राहुल गांधी, कांग्रेस नेता*

अद्भुत सुंदरता और आनंद का अनुभव कर सकें। सत्यम शिवम सुंदरम।

क्या है पूरा मामला?

ये टिप्पणियां नई दिल्ली में आयोजित संस्मरण के आधिकारिक विमोचन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता के संबोधन के बाद आईं, जहां उन्होंने अपने माता–पिता के बीच के स्नेहपूर्ण पलों को याद किया। इससे पहले सोमवार को, अपने परिवार के बारे में बेहद निजी और भावुक बातें साझा करते हुए, गांधी ने अपने माता–पिता के बीच के गहरे प्रेम और पूर्व प्रधानमंत्री की दुखद हत्या के बाद आए अपार दुख के बारे में बात की।

राहुल ने कार्यक्रम में क्या कहा था?

राहुल गांधी ने कहा, श्अचानक, हमने अपनी मुख्य आधार (इंदिरा गांधी) को गोली खाते देखा, और फिर हमने अपने सबसे बड़े आधार (राजीव गांधी) को चिथड़े–चिथड़े होते देखा। मेरी मां के साथ अक्सर इस बात पर बहस होती है। उनकी याददाश्त बहुत तेज है। वह कभी कुछ नहीं भूलतीं, सिवाय एक चीज के। अगर आप उनसे पूछें, पापा की मौत के समय क्या हुआ था? तो उन्हें कुछ भी याद नहीं आता। किताब में आपने जो पढ़ा है, उसे मेरी बहन और उन्होंने मिलकर एक साथ जोड़ा है। यह खूबसूरत जिंदगी, उनका यह खूबसूरत प्यार, सब एक ही दिन में खत्म हो गया, किताब के शीर्षक के भावनात्मक सार को समझाते हुए उन्होंने कहा, यह उनके लिए बहुत डरावना दौर था, क्योंकि उन्हें पता था कि ऐसा होने वाला है।

बिहार की समृद्धि का आधार बनेगा नीतीश सेतु, 21 नवंबर को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी। विकास की नई इबारत लिखते हुए बिहार अब तरक्की के एक नए युग में कदम रखने जा रहा है। राज्य की बुनियादी संरचना और आर्थिक समृद्धि को पंख लगाने के लिए बहुप्रतीक्षित नीतीश सेतु (कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6–लेन गंगा पुल) पूरी तरह से बनकर तैयार है। आगामी 21 नवंबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महत्वाकांक्षी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित कर बिहार को एक ऐतिहासिक सौगात देंगे। यह भव्य सेतु न केवल गंगा की लहरों पर आधुनिक इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना पेश करेगा, बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच की दशकों पुरानी भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक खाई को पाटकर पूरे प्रदेश की कनेक्टिविटी को एक नई रफ्तार और नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक परियोजना की नींव वर्ष 2012 में रखी गई थी, जब राज्य की एनडीए सरकार ने गंगा नदी पर एक आधुनिक 6–लेन पुल की परिकल्पना की। उसी वर्ष सितम्बर 2012 में आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार ने इसे सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की।

अभिषेक बनर्जी पर कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त

आपत्तिजनक बयानों पर आपराधिक अवमानना का नोटिस

कोलकाता, एजेंसी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया। जस्टिस कृष्णा राव ने कहा कि अदालत ने अभिषेक बनर्जी के बयानों और सात नवंबर को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट की पूरी सामग्री देखी है। इसके आधार पर अदालत का मानना है कि उन्होंने प्रथम दृष्टया आपराधिक अवमानना की है। कोर्ट ने कहा कि उनका फेसबुक पोस्ट न्यायिक प्रक्रिया में



दखल देने वाला है। अब अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी होने के 15 दिनों के भीतर जवाब देना होगा कि उनके खिलाफ उचित सजा क्यों न दी जाए। इस मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। दरअसल, सात नवंबर को अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया था कि कोलकाता स्थित उनके आवास पर भाजपा के गुंडों ने हमला किया। इस घटना के बाद टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प भी हुई थी। अभिषेक ने इसे पिछले छह महीनों में उनकी जान लेने की सातवीं कोशिश बताया था। इस घटना और अपनी सुरक्षा को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसी पोस्ट और उनके बयानों को लेकर हाईकोर्ट ने आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। अवमानना नोटिस के अलावा हाईकोर्ट ने अभिषेक बनर्जी की सुरक्षा से जुड़ी याचिका पर भी अहम आदेश दिया है।

माफी दिल से मांगें, दिमाग से नहीं

सुप्रीम कोर्ट की संजय राउत को नसीहत, कहा- आप अनुभवी नेता, संयम रखें

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका के खिलाफ कथित टिप्पणियों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत को नसीहत दी है। आपराधिक अवमानना की कार्यवाही पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि माफी दिल से आनी चाहिए, दिमाग से नहीं। कोर्ट ने राउत को अनुभवी नेता और सांसद बताते हुए सार्वजनिक बयान देते समय संयम बरतने की सलाह दी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबी) की ओर से पत्रकार निखिल वागले और संजय राउत के खिलाफ दायर आपराधिक अवमानना याचिका से जुड़ा है। दोनों पर न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पांचोली की



पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस कुमार ने कहा कि इतने गंभीर मामले में माफी दिल से आनी चाहिए, न कि दिमाग से। उन्होंने राउत से कहा कि वह एक अनुभवी राजनेता और सांसद हैं। अदालत उनके भाषण पहले से सुनती रही है। वह खुद पत्रकारिता से भी जुड़े रहे हैं, इसलिए उन्हें पता होना चाहिए कि सार्वजनिक जीवन में किस तरह का संयम बरतना चाहिए। अदालत ने कहा कि सम्मानजनक पद पर बैठे व्यक्ति से अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अक्तूबर को संजय राउत और पत्रकार निखिल वागले को आपराधिक अवमानना की कार्यवाही के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह मामला सीजेआई और न्यायपालिका के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों से जुड़ा है। इससे पहले अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15(1)(इ) के तहत आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के लिए सहमति दी थी। एससीबी ने 15 अक्तूबर को याचिका दाखिल की थी और उसी दिन अटॉर्नी जनरल से मंजूरी मिल गई थी। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब सीजेआई सूर्यकांत ने विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल को व्यक्तिगत मुलाकात का समय देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस मामले को याचिका के जरिए अदालत के सामने रखा जा सकता है। एससीबी की याचिका के अनुसार, इसके बाद निखिल वागले ने अपने एक्स अकाउंट पर सीजेआई के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की थी।

मैं और मेरा परिवार डरा हुआ है

दोषियों को जमानत मिलने पर बिलकिस बोलीं– न्याय मिलने का भरोसा टूटता दिख रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। शीर्ष अदालत के इस फैसले पर बिलकिस बानो ने गहरा दुख, हैरानी और अविश्वास जताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि उन्हें सुने बिना दोषियों की उम्रकैद की सजा पर रोक कैसे लगा दी गई। मीडिया को जारी बयान में बिलकिस बानो ने कहा कि उन्हें इस आदेश की जानकारी अदालत से नहीं, बल्कि मीडिया में आई खबरों से मिली। उन्होंने कहा कि दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बुलाए बिना और उनका पक्ष सुने बिना आदेश पारित किया है। बिलकिस बानो ने अपने बयान



> मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने मुझे बुलाए बिना और मेरी बात सुने बिना आदेश दे दिया। मैं एक बार फिर डरी हुई हूं। मुझे अपने लिए, अपने परिवार और अपने बच्चों के लिए डर लग रहा है।
>
> *बिलकिस बानो, गुजरात दंगा पीड़ित*

में कहा ष्दर्द, सदमे और अविश्वास के बीच मेरे पास कहने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने मुझे बुलाए बिना और मेरी बात सुने बिना आदेश दे दिया। मुझे इसकी जानकारी मीडिया की खबरों से मिली। उन्होंने बताया कि जब उनके साथ यह घटना हुई, तब वह महज 19 साल की थीं। उस समय उनकी छोटी बेटी, परिवार, घर और इंसानियत पर उनका भरोसा सब कुछ छिन गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 24 वर्षों से वह अपने और दूसरी महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही हैं। बिलकिस ने कहा कि परिवार और दोस्तों के सहयोग से उन्होंने अपनी जिंदगी को दोबारा संवारने की कोशिश की और शांति से जीने की उम्मीद की। लेकिन आज उन्हें लगता है कि जिस न्याय के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी, वह फिर उनसे छिन रहा है। बिलकिस बानो ने कहा कि इस फैसले के बाद उनके पुराने डर फिर लौट आए हैं। उन्होंने कहा, श्मैं एक बार फिर डरी हुई हूं। मुझे अपने लिए, अपने परिवार और अपने बच्चों के लिए डर लग रहा है। मुझे इस बात का भी डर है कि कहीं मेरा न्याय व्यवस्था से भरोसा फिर न उठ जाए।ष उन्होंने सवाल किया कि जिन लोगों ने उनके साथ अपराध किया, उनकी सजा पर रोक लगाने से पहले उनकी आवाज क्यों नहीं सुनी गई? उन्हें इस फैसले की जानकारी तक क्यों नहीं दी गई? बिलकिस बानो ने साफ कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देंगी।

उन्होंने कहा कि उनके बच्चों को पूरी जिंदगी इन डर और जख्मों के साये में नहीं जीना चाहिए।

संपादकीय

मुश्किलों के डेटा सेंटर

आज चारों तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हौवा नजर आता है, जिसके लिए मानव की नैसर्गिक प्रतिभा और जीवन के जरूरी अवयवों को नजरअंदाज किया जा रहा है। माना कि एआई के विस्तार से आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, जिसके लिए डेटा सेंटरों का तेजी से अंधाधुंध विस्तार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका, यूरोप और भारत में इनके खिलाफ बढ़ता विरोध एक अहम चेतावनी भी है। निस्संदेह, तकनीकी प्रगति होनी चाहिए, लेकिन इसकी कीमत समाज और पर्यावरण को नहीं चुकानी चाहिए। अमेरिका में हालिया मध्यावधि चुनावों में डेटा सेंटर परियोजनाओं को लेकर लोगों का गुस्सा भी सामने आया है। वास्तव में, दुनिया भर के लोग डेटा सेंटरों को चलाने में इस्तेमाल होने वाली भारी–भरकम बिजली और पानी के बेतहाशा इस्तेमाल को लेकर नाराज हैं। वे स्थानीय संसाधनों पर पड़ने वाले इनके नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। यही वजह है कि अमेरिका के टेक्सास में पानी की घटती आपूर्ति को लेकर किसानों का गुस्सा वहां एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कमोबेश ऐसा ही गुस्सा अमेरिका के अन्य राज्यों और कुछ यूरोपीय देशों में भी देखने को आ रहा है। इस विरोध का संदेश साफ है कि लोग अब उन बड़े फैसलों पर अपनी राय रखना चाहते हैं, जिनका असर उनके जीवन पर सीधा पड़ता है। इसी तरह, भारत में भी महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्य आज इस मुद्दे को लेकर अहम मोड़ पर खड़े नजर आते हैं। निस्संदेह, बड़े डेटा सेंटर प्रस्ताव निवेश की महत्वाकांक्षी पहल के साथ डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत कर सकते हैं। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। लेकिन इसके बावजूद कंपनियों को संसाधनों के प्रबंधन के जवाबदेह तौर–तरीकों को प्राथमिकता देनी चाहिए। हर डेटा सेंटर परियोजना में तीन मुख्य पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए, जिनमें व्यापार, समुदाय और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाया जाए। कंपनियों को ऊर्जा की खपत कम करने वाली तकनीकों, नवीकरणीय ऊर्जा और टिकाऊ कूलिंग सिस्टम को प्राथमिकता देनी चाहिए। वहीं, कम–से–कम पानी की खपत करने वाली तकनीकों में निवेश करना चाहिए। आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में दो किसान जीते, जिसकी मुख्य वजह यह थी कि डेटा सेंटरों को लेकर उनकी चिंताएं मतदाताओं को तार्किक लगीं। किसी भी परियोजना को मंजूरी मिलने से पहले वहां के निवासियों को संसाधनों की खपत, पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और परियोजना से होने वाले आर्थिक लाभों की जानकारी दी जानी चाहिए। विकास कार्यों में स्थानीय लोगों को केवल मूकदर्शक मानने के बजाय उनकी अहम हिस्सेदारी होनी चाहिए। निस्संदेह, डेटा सेंटर भारत के डिजिटल भविष्य को गति देने में योगदान कर सकते हैं। लेकिन इनकी सफलता को केवल निवेश के आंकड़ों या कंप्यूटिंग क्षमता से ही नहीं मापा जा सकता। वास्तव में, यह देखा जाना चाहिए कि स्थानीय लोगों को कितने रोजगार मिले, वहां कितने संसाधनों की बचत की गई और इससे स्थानीय समुदायों को कितना संबल मिला। सही मायने में, किसी भी विकास का लाभ सभी हितधारकों को मिलना चाहिए, न कि केवल बड़ी तकनीकी कंपनियों को।

वैश्विक राजनीति में बड़े बदलाव के आसार

डॉ. दीपक पाचपोर

बीते दिनों ब्राजील और सर्बिया के चुनाव परिणामों में उदार और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जनता का झुकाव नजर आया। फिर अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका मिला।

वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बीते कुछ वक्त से बहुत तेजी से बदलाव होता नजर आ रहा है। लगभग एक दशक से दुनिया में दक्षिणपंथी शक्तियों का बोलबाला दिखने लगा था। पूंजीवादी ताकतें तो हर दौर में राजनीति को नियंत्रण में रखने की कोशिश करती हैं, लेकिन इसके साथ–साथ कट्टरता भी बढ़ने लगी थी। अब यह सिलसिला टूटता नजर आ रहा है। बीते दिनों ब्राजील और सर्बिया के चुनाव परिणामों में उदार और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जनता का झुकाव नजर आया। फिर अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका मिला। स्पेन में भी यही माहौल बन रहा है और इजरायल में भी सत्ता परिवर्तन के आसार बन चुके हैं, बेंजामिन नेतन्याहू बहुमत न मिलने के बावजूद किसी भी तरह सत्ता में बने रहने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी गादी आइजेनकोट से समझौता करने की कोशिशों में हैं। तो वैश्विक व्यवस्था में नजर आ रहे इस बदलाव के बीच अब एक और बड़ी खबर आई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की त्रिपक्षीय बैठक होने जा रही है। एक वक्त में अमेरिका और रूस दो ही महाशक्तियां दुनिया को अपने इशारों पर नचा रही थीं, लेकिन इस बीच चीन की ताकत भी काफी बढ़ी। क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से चीन पहले से ही आगे था, लेकिन उसने साम्यवादी व्यवस्था के नाम पर लगभग तानाशाही को ही अपनाए रखा, मगर इस बीच आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक और तकनीकी लिहाज से खुद को काफी मजबूत कर लिया। चीन की बढ़ती ताकत के सामने अमेरिका की मनमानी पूरी तरह नहीं चल पाई। इधर रूस की ताकत सोवियत संघ के विघटन के बाद कम हुई, लेकिन फिर व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में बने रहने से वैश्विक राजनीति में उसका महत्व बना रहा। तो वैश्विक राजनीति के तीन अहम किरदार, अमेरिका, रूस और चीन एक साथ बैठ रहे हैं, यह एक बड़ी परिघटना हो सकती है। दरअसल 18 और 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में एशिया–पैसिफिक इकानॉमिक कोऑपरेशन (एपेक) का शिखर सम्मेलन हो रहा है, इस दौरान तीनों देशों के नेता अपनी पहली त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। रूस का कहना है कि तीनों नेताओं की यह बैठक एपेक समिट के दूसरे दिन 19 नवंबर को हो सकती है। वैसे अभी से अनुमान लगाना कठिन है कि तीनों के बीच किस मुद्दे पर खास चर्चा होगी। क्योंकि तीनों की प्राथमिकताएं और वैश्विक राजनीति के समीकरण अलग–अलग हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्य रूप से परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने (न्यूक्लियर नॉन–प्रोलिफरेशन) पर चर्चा होगी। हालांकि अमेरिका और रूस के विशाल परमाणु जखीरे के सामने अपना भंडार बहुत छोटा होने की वजह से चीन की दिलचस्पी इसमें कितनी होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस समय के हालात को देखते हुए इस बैठक में कई मुद्दे प्रभावी हो सकते हैं। अमेरिका ने इजरायल को बढ़ाने के लिए ईरान पर हमला किया और ट्रंप ने उसका नुकसान चुनाव में भुगत लिया। हालांकि इजरायल अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ईरान पर हमले तेज करने की कोशिशें हो रही हैं, इधर गजा में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने गजा में नरसंहार किया है, लेकिन ट्रंप अब भी उसे बढ़ावा दिए जा रहे हैं। जबकि रूस और चीन न गजा पर हमले के पक्ष में थे, न ईरान के। बल्कि दोनों ने इसका विरोध ही किया है। इधर रूस और यूक्रेन के बीच भी युद्ध नहीं रुक रहा। अमेरिका यूक्रेन के बहाने नाटो का विस्तार करना चाह रहा था, लेकिन रूस के कारण उसकी मनमानी नहीं चली। इधर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का बढ़ता प्रभाव हर जगह बढ़ता जा रहा है, इसमें भी इन देशों के बीच होड़ लगी हुई है। तो देखना होगा कि इन तीनों देशों के बीच केवल परमाणु अप्रसार को लेकर चर्चा होगी, या व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर बात होगी या अंतरिक्ष, ए आई जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति बनेगी। वैसे जानकार इस बैठक की तुलना 1945 की याल्टा कॉन्फ्रेंस से कर रहे हैं। सोवियत संघ के क्रीमिया में याल्टा शहर में 4 से 11 फरवरी 1945 को बिग थ्री यानी अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ के नेताओं के बीच बैठक हुई थी। जिसमें पराजित नाजी जर्मनी को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और सोवियत संघ के नियंत्रण वाले चार अलग–अलग क्षेत्रों में बांटने का फैसला किया गया। पोलैंड की सीमाओं और वहां की सरकार के पुनर्गठन पर सहमति बनी, तथा युद्ध से मुक्त हुए यूरोपीय देशों को लोकतांत्रिक तरीके से शासन चुनने का अधिकार देने की बात कही गई। इसी सम्मेलन में भावी संयुक्त राष्ट्र की संरचना और सुरक्षा परिषद में मतदान प्रणाली (वीटो अधिकार) पर सहमति बनी, जो आगे चलकर सैन फ्रांसिस्को सम्मेलन का आधार बना। खैर याल्टा सम्मेलन का जो दूरगामी असर वैश्विक राजनीति पर पड़ा, वैसा ही कोई असर शेनझेन की बैठक से होगा, यह कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी, क्योंकि 1945 से लेकर अब तक दुनिया में ढेर सारे बदलाव हो चुके हैं। हालांकि सियासी महत्वाकांक्षाएं अब भी वैसी ही हैं, लेकिन बदले तौर–तरीकों में उन्हें किस तरह से पूरा किया जाता है, अपना वर्चस्व दिखाने के लिए कौन सी रणनीतियां अपनाई जाती हैं, यह देखना दिलचस्प रहेगा।

राहुल ने कहा सच से हराएंगे, मोदी क्या सच का सामना कर पाएंगे?

शकील अख्तर

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद में वही कहा जो उनकी मां सोनिया गांधी ने अपनी किताब बिलाग्गिंग रू ए जर्नी आफ लव में लिखा है। राहुल ने सत्य अहिंसा और प्रेम से जीतने की बात कही है। सोचिए उन नफरती, राहुल के ही शब्दों में उन क्रिमिनल माइंड सेट वालों के खिलाफ जिनकी राजनीति ही झूठ पर आधारित है। लेकिन राजनीति में समय ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। यही बात राहुल ने अगर पहले कही होती तो मीडिया उपहास उड़ाता। मगर अब राहुल ने अपनी मेहनत और सच बोलने की लगातार दिखाई हिम्मत से गोदी मीडिया और भाजपा को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। लगने लगा है कि मोदी का सिंहासन डांवाडोल है और यह कमाल उन्हीं की तरह झूठ और फरेब की राजनीति करके नहीं बल्कि सच बोलकर, लोगों में हिम्मत पैदा करके उन्हें साथ लेकर हुआ है। राहुल कहते हैं कि वे कोई काम प्लान बनाकर नहीं करते। हम उनकी इस बात को मानते हैं। इसके कई नुकसान भी देखे हैं और अब फार्म में आए एक बैट्समेन की तरह उसकी सफलता भी देख रहे हैं। एक फार्म में आया हुआ बैट्समेन जिस तरह स्कोर बोर्ड नहीं देखता, पब्लिक गैलरी से उठता हुआ तारीफ का शोर नहीं सुनता केवल उसकी आंखें बाल पर होती हैं वैसे ही राहुल की निगाहों में इस समय सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्हें वे रोज डिबेट के लिए ललकार रहे हैं। तथ्यों पर। आमने सामने। जज भी बोल दिया कि आपका होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत से लेकर अडानी तक किसी को बना लीजिए। टेलिप्राम्टर भी ले आइए। यह नई बात राहुल ने तब कही जब पत्रकारों के दीवाली मिलन में वे उन्हें बधाई के लिए भी टेलिप्राम्टर इस्तेमाल करते देखे गए। सब कुछ मोदी का कह दिया। बस एक बात ही नहीं कही है कि गोदी मीडिया को भी ले आइए! हो सकता है यह भी एक–दो दिन में कह दें। राहुल उन से आमने–सामने बात करने के बहुत इच्छुक हैं। लोकसभा में वे आते नहीं हैं। लेकिन यहां–वहां राहुल पर मनगढंत आरोप लगाते रहते हैं। यह कोई नई बात नहीं है। राहुल जब से राजनीति में आए हैं भाजपा और संघ उनके पीछे पड़े हुए हैं। मगर अब जब प्रधानमंत्री मोदी ने देशद्रोही, नक्सल जैसे शब्द कहे तो राहुल ने उन्हें डिबेट के लिए चौलेंज किया। राहुल का कहना है कि उनके पास सबूत हैं। मोदी को अमेरिका ने अपने हितों के लिए प्रधानमंत्री बनवाया और वही उन्हें चला रहा है। मोदी अमेरिका को खुश करने के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रहे हैं। राहुल की बहुत सारी बातें पब्लिक डोमेन में हैं। मगर कुछ बातें बहुत विश्वसनीय सर्किल में। जहां से उनके पास खबरें आने लगी हैं। अपने खिलाफ हो रही साजिशों की लगातार आ रही जानकारी के बीच ही राहुल ने यह कहा कि वे लोग क्रिमिनल माइंड सेट के लोग हैं। कुछ भी कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर हरेन पांड्या, जज लोया के नाम आए। लेकिन राहुल ने दो बातें बहुत महत्वपूर्ण कहीं। एक वे मुझे भी मार सकते हैं। लेकिन डरा नहीं पाएंगे। मैं इन लोगों के खिलाफ आखिरी आखिरी तक लडूंगा। और दूसरी यह कि इन सबके बावजूद मैं इनसे भी नफरत नहीं करता। और यही बात राहुल ने अभी हैदराबाद में कही कि सत्य अहिंसा और प्रेम से विपक्ष मोदी सरकार को हराने जा रहा है। दुनिया में फासिस्ट ताकतें हर जगह सच से ही हारी हैं। हमारे देश का तो आदर्श वाक्य है सत्यमेव जयते! और यही सोनिया की किताब का मैसेज है। सत्य, प्रेम। झूठ, नफरत नहीं। सोचिए, सोनिया के खिलाफ इन लोगों ने क्या क्या नहीं कहा? क्या क्या नहीं किया? ईडी ने तीन दिन तक पूछताछ की। केस बनाया जिसे अदालत ने चलाने लायक भी नहीं समझा। संज्ञान तक नहीं लिया। इससे पहले मनमोहन सिंह के घर सीबीआई भेज दी थी कि वे डर कर कुछ सोनिया गांधी के खिलाफ कह दें। मगर उसमें भी सफलता नहीं मिली। और कहने की बात की तो कोई सीमा ही नहीं। एक से एक गंदे आरोप लगाए। उनकी बीमारी के समय भी। लेकिन सोनिया ने मनुष्यता की सारी गरिमा कायम रखते हुए इन लोगों के खिलाफ नफरत का एक शब्द भी नहीं लिखा। वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी भाजपा के दो प्रधानमंत्री दोनों के लिए उन्होंने लिखा कि कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं। जबकि वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी दोनों ने सोनिया के खिलाफ खूब व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। मोदी ने क्या क्या कहा लोगों को सब याद है। कांग्रेस की विधवा से लेकर जर्सी गाय तक, वायपेयी ने उन्हें विदेशी महिला कहा। मगर सोनिया की किताब में कहीं खटास नहीं। यहां तक कि मोदी की साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि का जिक्र सकारात्मक रूप से किया है। वाजपेयी की तो राजीव की हत्या के बाद घर आने का जिक्र करते हुए इसके लिए उनकी सराहना भी की। यही कांग्रेस का और गांधी नेहरू परिवार का संस्कार रहा है। महात्मा गांधी ने भी घृणा पाप से करो पापी से नहीं, कहा था। और सोनिया ने यही लिखा है कि– जो नेहरु गांधी ने कांग्रेस को सिखाया और जो कांग्रेस की विचारधारा है वही उन्होंने सीखा है। और सोनिया का अपने ऊपर हुए इतने व्यक्तिगत हमलों के बाद भी अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति इतना उदार और सहिष्णु बना रहना उसी विचारधारा की ताकत है। और राहुल उसी विचारधारा की ताकत से मोदी को हराने की बात करते हैं। मोदी अपने 12 साल की बात नहीं करते सत्ता में बने रहने के 25 साल का जिक्र करते हैं। मुख्यमंत्री का कार्यकाल भी जोड़कर। लेकिन इन 25 सालों में इतने कमजोर विकेट पर वे कभी नहीं रहे जितने इस समय हैं। राहुल ने उनकी छवि पूरी तरह तोड़ दी है। मोदी की ताकत उनका बहुत कौशल से गढ़ा नरेटिव (कहानी, छवि) था। 56 इंच की छाती, लाल आंखें, एक अकेला सब पर भारी! एक अजेय योद्धा की तरह। मगर इस साल के दोनों संसद सत्रों में लोकसभा में न आने और अब नेता प्रतिपक्ष की सीधी डिबेट के चौलेंज का सामना न कर पाने के कारण छवि दरक गई है। छवि बनाना आसान है। उसे बनाए रखना बहुत मुश्किल। मोदी इस समय इसी समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए राहुल ने कहा कि सच की राजनीति करना आसान है। झूठ की राजनीति की एक्सपायरी डेट होती है। वह आ गई। लोग कहते हैं कि मगर ज्ञानेश कुमार वहां बैठा हुआ है। सही कहते हैं। लेकिन राहुल ज्ञानेश को कुर्सी से उठाकर फैंक नहीं सकते। हां उनकी कुर्सी इतनी हिला सकते हैं कि वे खुद गिरने के डर से उससे उतर जाएं। मतलब इस्तीफा दे दें। पिछले दो महीने से वे गायब हैं। राहुल कहते हैं कि वे सो भी नहीं पा रहे। सही है दो तरफा दबाव है। मोदी इस्तीफा देने नहीं दे रहे। और राहुल कुर्सी पर बैठे नहीं रहने दे रहे। तो ज्ञानेश कुमार भी जाएंगे। चुनाव आयोग में सब समझ गए हैं तो जो हो गया वह भी ठीक होगा। लेकिन फिलहाल कोई नया नकारात्मक काम नहीं होगा। विपक्ष अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। राहुल भी मोदी की हार की जब बात करते हैं तो केवल कांग्रेस द्वारा नहीं हैदराबाद में भी उन्होंने विपक्ष हराएगा कहा। जनता में भी जागरूकता आई है। उसका दबाव बन रहा है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट आयोग के खिलाफ राहुल की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। अगर यह दबाव नहीं बना होता। राहुल मार्च करते हुए सुप्रीम कोर्ट नहीं गए होते तो यही कोर्ट कहता कि आपका नाम तो नहीं कटा। आप प्रभावित पक्ष नहीं हैं। याचिका खारिज कर देता! परिवर्तन की एक लंबी कड़ी है। जो अब साफ दिखने लगी है। दीवार पर उसके अक्षर उभरने लगे हैं। और उसी को पढ़ते हुए राहुल कहते हैं कि मोदी जाएंगे!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

बंकर राय की विदाई : सामाजिक कार्यों के एक युग का अंत

अमन नम्र

संजीत बंकर रॉय नहीं रहे। 10 नवंबर को राजस्थान के तिलोनिया में 81 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके जाने से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की एक ऐसी आवाज खामोश हो गई, जिसने पूरी दुनिया को विकास का एक अलग रास्ता दिखाया था। बंकर रॉय की जिंदगी को समझने के लिए उनके शुरुआती जीवन से शुरुआत करनी होगी। वर्ष 1945 में पश्चिम बंगाल के बर्नपुर में एक संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे संजीत रॉय की परवरिश विशेषाधिकारों के बीच हुई। पिता इंजीनियर थे। परिवार का सामाजिक और आर्थिक स्तर काफी अच्छा था। वर्ष 1956 से 1962 के बीच उनकी पढ़ाई देश के प्रतिष्ठित दून स्कूल, देहरादून में हुई। इसी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी पढ़े थे। वे राजीव गांधी के समकालीन और स्कूल के साथी थे। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज में दाखिला लिया। यहां से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। वे पढ़ाई में अच्छे थे, खेलों में भी शानदार थे। तीन बार राष्ट्रीय स्क्वैश चौंपियन बने। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। यानी उनके सामने एक शानदार करियर के तमाम रास्ते खुले हुए थे, लेकिन 1965–66 के आसपास बिहार के अकाल प्रभावित इलाकों में जाना उनकी जिंदगी का निर्णायक मोड़ बन गया। वहां उन्होंने भूख, गरीबी, अभाव और ग्रामीण भारत की वास्तविक परिस्थितियों को करीब से देखा। उन्हें महसूस हुआ कि जिस भारत की कल्पना उन्होंने अपनी शिक्षा और शहरी परिवेश में की थी, वास्तविक भारत उससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि वे गलत स्कूल और गलत कॉलेज में पढ़कर एक तरह के अहंकार के साथ बाहर आए थे। बिहार के गांवों ने उनका यह अहंकार तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी जिंदगी की दिशा बदल दी। वर्ष 1972 में वे राजस्थान के अजमेर जिले के एक छोटे से गांव तिलोनिया पहुंचे। यह कोई ऐसा इलाका नहीं था जहां सुविधाएं थीं, संसाधन थे या विकास के बड़े अवसर थे, लेकिन बंकर रॉय ने इसी गांव को अपनी कर्मभूमि बना लिया। यहां उन्होंने सामाजिक कार्य एवं अनुसंधान केन्द्र (एसडब्ल्यूआरसी) की स्थापना की, जो आगे चलकर बेयरफुट कॉलेज के नाम से दुनिया भर में पहचाना गया। उनका विचार बिल्कुल अलग था। वे मानते थे कि किसी गांव का विकास करने के लिए जरूरी नहीं कि शहरों से बड़े–बड़े इंजीनियर, डॉक्टर और विशेषज्ञ भेजे जाएं। गांव के लोगों के पास भी ज्ञान है, हुनर है, अनुभव है। जरूरत सिर्फ उनके हुनर को पहचानने, उन्हें प्रशिक्षित करने और उन पर भरोसा करने की है। उन्होंने साबित किया कि औपचारिक डिग्री न होने का मतलब यह नहीं कि किसी व्यक्ति में ज्ञान या तकनीकी क्षमता नहीं हो सकती। बेयरफुट कॉलेज में ग्रामीण महिलाओं को सोलर इंजीनियर बनाया गया। ऐसी महिलाएं, जिनमें से कई पढ़ना–लिखना भी नहीं जानती थीं, को सौर–ऊर्जा के उपकरणों को लगाना, उनकी मरम्मत करना और उनका रखरखाव करना सिखाया गया। दुनिया भर के गांवों से महिलाएं तिलोनिया पहुंचीं। उन्हें सोलर तकनीक में प्रशिक्षित किया गया और वे अपने गांवों में लौटकर बिजली की समस्या का समाधान करने लगीं। ग्रामीणों को हैंडपंप मैकेनिक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, दाइयां, शिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ बनाया गया। रात के स्कूल शुरू किए गए ताकि दिन में मजदूरी करने वाले बच्चे भी पढ़ सकें। जल–संरक्षण, वर्षा जल–संचयन, स्थानीय निर्माण तकनीक, ग्रामीण हस्तशिल्प, आजीविका और महिला सशक्तीकरण पर काम हुआ। इस मॉडल ने स्थापित किया कि विकास का मतलब सिर्फ शहरों की सुविधाएं गांवों तक पहुंचाना नहीं है। विकास का मतलब गांवों के भीतर मौजूद क्षमता को जगाना भी है। बंकर रॉय के काम को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। वर्ष 1985 में जमनालाल बजाज पुरस्कार,1986 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2010 में टाइम मैगजीनश ने उन्हें दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया, लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोई पुरस्कार या सम्मान नहीं था। उनकी असली उपलब्धि वे हजारों ग्रामीण महिलाएं और पुरुष थे, जो उनके प्रयासों से अपने पैरों पर खड़े हुए। बंकर रॉय का जाना मुझे उन तमाम लोगों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी शिक्षा, ग्रामीण विकास, खेती और समाज के सबसे कमजोर तबके के बीच काम करते हुए गुजार दी। विनोद रैना याद आते हैं, जिन्होंने शिक्षा को सिर्फ स्कूलों और पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं रहने दिया। विज्ञान, बच्चों की समझ और शिक्षा में बराबरी के लिए उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण था। संजय घोष याद आते हैं, जिन्होंने असम के ग्रामीण इलाकों में लोगों के साथ मिलकर काम किया और उल्फा उग्रवादियों ने जिनकी हत्या कर दी। पापा यानी श्याम बहादुर नम्र याद आते हैं, जिन्होंने शिक्षा, खेती और जैविक कृषि के क्षेत्र में अपना जीवन लगाया। जमीन से जुड़कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का उनका प्रयास भी असाधारण था। देश में ऐसे तमाम लोग अभी भी मौजूद हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी किसी विचार, किसी सामाजिक उद्देश्य या किसी वैकल्पिक व्यवस्था को खड़ा करने में लगा दी है। वे शिक्षा में हैं, खेती में हैं, ग्रामीण तकनीक में हैं, पर्यावरण संरक्षण में हैं, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में हैं। उनके पास किताबों में न मिलने वाला अनुभव है। उनके पास असफलताओं से निकली सीख है। उनके पास ऐसे प्रयोगों की कहानियां हैं, जिन्हें किसी विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में दोहराया नहीं जा सकता। इस दिशा में एक गंभीर पहल होनी चाहिए। एक ऐसी पहल, जिसका उद्देश्य हो–हमारे समय के जीवित अनुभवों का दस्तावेजीकरण। ऐसे लोगों की पहचान की जाए। उनके जीवन, संघर्ष, प्रयोगों और विचारों पर विस्तार से बातचीत की जाए। उनके काम के स्थानों पर जाकर उनके अनुभव दर्ज किए जाएं। उनके साथ काम करने वाले लोगों और उनसे लाभान्वित हुए समुदायों की कहानियां भी सामने लाई जाएं। उनके इंटरव्यू सिर्फ औपचारिक बातचीत न हों। यह समझने की कोशिश हो कि उन्होंने जो किया, वह क्यों किया? किन परिस्थितियों में किया? क्या गलतियां हुईं? क्या सीखा? उनके मॉडल को दूसरे इलाकों में कैसे लागू किया जा सकता है? उनकी बातचीत, वीडियो, ऑडियो, लेख, किताबें और शोध सामग्री को एक ऐसे सार्वजनिक डिजिटल आर्काइव में रखा जाए, जहां आने वाली पीढ़ियां उन्हें पढ़ और समझ सकें।

सपा नेता मो आजम खान की अंतरिम जमानत अर्जी मंजूर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सपा के वरिष्ठ नेता व यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान से जुड़ी बड़ी खबर है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मोहम्मद आजम खान की अंतरिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। मो आजम खान के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मो आजम खान की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला दिया है। ईडी की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत को आजम खान ने अदालत में चुनौती दी थी। अब 10 दिसंबर को फिर से मामले की सुनवाई होगी। मो आजम खान की तरफ से आज इलाहाबाद हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट इमरान उल्लाह ने पक्ष रखा था।



सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल वीडियोकांफ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे। ईडी ने मो आजम खान की गिरफ्तारी पर अपना जवाब दाखिल किया था। जौहर ट्रस्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में आजम खान की याचिका पर अदालत में सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट से याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध हुआ था। 31 अक्टूबर को जेल से रिहा होने के बाद मो आजम खान को ईडी ने गिरफ्तार किया था। जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े 426 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई हुई थी। गाजियाबाद की पीएमएलए कोर्ट ने 26 नवंबर तक मो आजम खान की कस्टडी रिमांड बढ़ा दी थी। जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस देवेंद्र सिंह प्रथम की डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाया।

बेरोजगारी और महंगाई से लोग परेशान : मंजू मौर्य

फाफामऊ विस क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस की ओर से जनसंपर्क - संवाद कार्यक्रम संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। फ्फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में आज कांग्रेस पार्टी की ओर से जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व फाफामऊ विधानसभा (254) की प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती मंजू मौर्य ने किया।फाफामऊ विधानसभा (254) की प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव घ्मंजू मौर्य और उनकी टीम ने गांव – गांव जाकर स्थानीय महिलाओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कथित श्वोट चोरीश, लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन, उससे होने वाले नुकसान और भविष्य की चुनौतियों को लेकर महिलाओं को जागरूक किया।

चौपाल और जनसंवाद के दौरान फाफामऊ विधानसभा (254) की प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव मंजू



मौर्य ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हक, अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घ्ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना, पिछड़े वर्ग को उनकी आबादी के अनुरूप उचित आरक्षण और अधिकार दिलाने के लिए जातिगत जनगणना की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

महिला सुरक्षा पर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर स्थानीय महिलाओं के विचार सुने गए। घ्बेरोजगारी और महंगाई पर क्षेत्र के युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और आम परिवारों पर पड़ रही महंगाई की मार पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की गई।

फाफामऊ विधानसभा (254) की प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती मंजू मौर्य ने ग्रामीण महिलाओं से अपने मताधिकार के प्रति सतर्क रहने और अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

गौशालाओं के निर्माण और रामलीला मैदान को कब्जामुक्त कराने की मांग

भाकियू भानु ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन, लेड़ियारी समेत कई ग्राम सभाओं में गोवंश संरक्षण की उठाई आवाज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने कोरांव तहसील क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं में जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान और लेड़ियारी स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान को कथित अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग उठाई है। इस संबंधा में संगठन की ओर से जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन देकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने लेड़ियारी, निबी धोबहट, बघोल, ओबरी–जमुआ एवं कैथवल ग्राम सभाओं में सर्वसुविधायुक्त गौशालाओं का निर्माण कराए जाने की मांग की। संगठन का कहना है कि इन क्षेत्रों में निराश्रित गोवंश के कारण किसानों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में गौशालाओं का निर्माण कराकर गोवंश के संरक्षण और किसानों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गौशालाओं का निर्माण होने तक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखने की वैकल्पिक व्यवस्था भी कराई जाए। इसके अलावा लेड़ियारी ग्राम सभा स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान को कथित अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। संगठन के अनुसार रामलीला मैदान का इतिहास काफी पुराना है और यहां वर्षों से रामलीला का आयोजन होता रहा है, लेकिन पिछले करीब चार वर्षों से रामलीला का आयोजन पूरी तरह बंद है। संगठन ने मैदान परिसर में स्थित हनुमान मंदिर को भी कथित अवैध कब्जे से मुक्त कराकर धार्मिक स्थल को समाज के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की है। भाकियू भानु ने प्रशासन से उक्त मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा जनहित से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान कराने की अपील की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समय रहते सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों और ग्रामीणों के हित में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में जिला महासचिव एडवोकेट संकल्प सिंह शिब्बू सहित संगठन की ओर से किसानों के हितों और क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई गई।

हिंदुत्व के पुरोधा एवं भारतीय संस्कृति की नायक परम आदरणीय अशोक सिंघल जी : पवन श्रीवास्तव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मंगलवार को हिंदुत्व के पुरोधा एवं भारतीय संस्कृति की नायक अशोक सिंघल के पुण्यतिथि पर गंगा का पूजन अर्चन कर दीपदान कर अपनी श्रद्धांजलि कार्यकर्ताओं ने अर्पित की। साथ ही साथ हिंदुत्व के अग्रणी नेता बाला साहब ठाकरे एवं लाला से लाजपत राय को भी नमन किया ।



पूर्व बजरंग दल जिला संयोजक, महा नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद भाजपा प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव के अगुवाई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम संगम घाट पर संपन्न हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अशोक सिंघल जी पूरे विश्व में हिंदुओं का परचम लहराने वाले एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म स्थल पर दिव्या एवं भव्य मंदिर आंदोलन के नायक के रूप में सभी हिंदू धर्मावलंबियों को भगवान राम का दर्शन करने में भी अग्रणी भूमिका भी निभाई। उन्होंने कायस्थ कुल के गौरव बाला साहब ठाकरे को भी नमन करते हुए उनको भी हिंदुत्व का सजक प्रहरी बताया। तत्पश्चात आज गोपा अष्टमी के पावर अवसर पर गौ माता की पूजा करते हुए हरा चारा एवं फल भी खिलाया और गौ माता का आशीर्वाद भी प्राप्त कर गरीब जनता को जो संगम किनारे भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन करते हैं उन लोगों को भी फल वितरण किया। उक्त अवसर पर पार्षद नीरज गुप्ता, तीर्थ पुरोहित महासंघ के प्रदेश संयोजक अमित आलोक पांडे, विहिप नेता विनोद सोनकर, अनूप कुमार, कुशाग्र श्रीवास्तव, गौरीश शाहूजा आलोक श्रीवास्तव सहित अन्य गणमन व्यक्ति उपस्थित रहे।

बारा में अधिवक्ता भवन एवं जनसुनवाई कक्ष का हुआ

भूमिपूजन-शिलान्यास, विकास की नई योजनाओं का शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बारा प्रयागराज। मंगलवार को तहसील परिसर बारा में अधिवक्ता भवन एवं जनसुनवाई कक्ष के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बारा विधायक डॉ. वाचस्पति एवं प्रयागराज मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. की उपस्थिति रही। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया। अधिवक्ता भवन एवं जनसुनवाई कक्ष के निर्माण से अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक बेहतर स्थान मिल सकेगा। यह पहल तहसील परिसर में न्यायिक एवं जनसुनवाई संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. वाचस्पति ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि विधानसभा बारा में जनसुविधाओं का विस्तार और आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्यों को धरातल पर उतारकर जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौशाम्बी की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधुपति, डॉ. विनोद त्रिपाठी, छेदीलाल कोटार, तहसीलदार अनिल पाठक, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, महामंत्री अनिल द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता गया प्रसाद त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, श्यामू निषाद, नीरज केसरवानी, राजू द्विवेदी, संजीत चतुर्वेदी, राजकुमार पटेल, इंजीनियर प्रकाश सिंह, अविनाश त्रिपाठी, भैयन अली, कुलदीप पाठक, एसपी मिश्रा, मयंक सैनी, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

कब्जा करके हुए अवैध निर्माण के ध्वस्त ना होने से आक्रोश

दबंग अपने को पीडीए की पूर्व वीसी का बताता है रिश्तेदार, माफिया अतीक अहमद का खास
पीडित ने 400 से अधिक दिया अप्लीकेशन लेकिन कार्रवाई नहीं
पीडीए वीसी, कमिश्नर से शीघ्र अवैध निर्माण ध्वस्त करने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज के सलोरी के काटजू की बाग में प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज (पीडीए) की पूर्व उपाध्यक्ष कनक त्रिपाठी के रिश्तेदार ने आसपास रहने वालों का जीना मुश्किल कर दिया है। कभी वह दबंगई से दूसरे की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करता है तो कभी पडोसियों की शिकायत फर्जी तरीके से पीडीए में करता है। पीडित ने पीडीए वीसी और कमिश्नर को प्रार्थना पत्र सौपकर दबंग फर्जी डा पीपी त्रिपाठी द्वारा किए गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर गिरफ्तार करने की मांग की है क्योंकि इसके पूर्व पीडीए ने अवैध निर्माण सील किया था जिसे दबंग पीपी त्रिपाठी ने तोडकर अवैध निर्माण कर लिया है।

सलोरी के काटजू बाग में पीडीए ने सात दुकानें बनाकर आवंटित कर दिया था। छठवीं दुकान और ऊपर बना एम आईजी पीपी त्रिपाठी को आवंटित है जबकि सातवीं दुकान तेज बहादुर यादव (बहादुर) को आवंटित है लेकिन पीडीए की यह शर्त थी कि सातवीं दुकान के ऊपर कोई निर्माण नहीं होगा बल्कि ओपन रहेगा। पडोसी पीपी त्रिपाठी जो कि पीडीए की पूर्व उपाध्यक्ष कनक त्रिपाठी का रिश्तेदार बताते है उन्होंने कनक त्रिपाठी की मदद से सातवीं दुकान के ऊपर खाली स्थान पर अवैध निर्माण कर लिया है इस दौरान बहादुर की शिकायत पर पीडीए ने अवैध निर्माण सील कर दिया था लेकिन पीपी त्रिपाठी ने पीडीए की सील को तोडकर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया। पीपी त्रिपाठी दबंग छवि का आपराधिक प्रवृत्ति का आदमी है जो पीडीए की पूर्व उपाध्यक्ष कनक त्रिपाठी का रिश्तेदार, माफिया अतीक अहमद और माफिया अशरफ का खास बताते हुए मोहल्ले के लोगों को धमकी देता है।

पीडित बहादुर ने पीडीए वीसी ऋषिराज और कमिश्नर डा लोकेश एम से दबंग पीपी त्रिपाठी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त कराने की शीघ्र मांग किया है।

फर्जी डिग्री के जांच की सीएमओ, डीएम से मांग

प्रयागराज। पीडित बहादुर ने सीएमओ और डीएम से मांग किया है कि पीपी त्रिपाठी डाक्टर लिखते है और लोगों को बताते है ऐसे में पीपी त्रिपाठी के डाक्टरी की डिग्री की जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि पीपी त्रिपाठी आपराधिक छवि का व्यक्ति है जिसकी पत्नी उससे परेशान होकर छोडकर चली गयी है।

जय सिंह पटेल बने भाजपा किसान मोर्चा के काशी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जमुनापार में खुशी की लहर

निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष को मिली नई जिम्मेदारी, भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के जमुनापार जिले के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल को किसान मोर्चा का काशी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। संगठन की ओर से नई जिम्मेदारी मिलने के बाद समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि जय सिंह पटेल लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ ही किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का काम किया है। उन्हें काशी क्षेत्र में किसान मोर्चा की जिम्मेदारी मिलने से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। स्वागत एवं बधाई देने वालों में नीरज त्रिपाठी, देवी पटेल, भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी विनोद प्रजापति, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पुष्पराज पटेल, नीरज द्विवेदी, संतोष पटेल, राजेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष विभव भारती, राजू सिंह और सतीश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं, नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए किसान मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



रवीन्द्र कुशवाहा प्रयागराज, रोहित राय सुल्तानपुर और अनीता दुबे मंडला म0प्र0को मिला विद्या वाचस्पति सम्मान

राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह में पांच पुस्तकों को लोकार्पित किया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज । प्रेस दिवस के सुअवसर पर करैली स्थित ब्लू बेल स्कूल के भव्य सभागार में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का एक वृहद सम्मान एवं लोकार्पण समारोह वरिष्ठ साहित्यकार डा.शम्भूनाथ त्रिपाठी अंशुल की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम आयोजक तथा महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा.भगवान प्रसाद उपाध्याय के संचालन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि मा. न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, विशिष्ट अतिथि महासंघ के संरक्षक डा. बालकृष्ण पाण्डेय, वरिष्ठ साहित्यकार डा.जया मोहन, ब्लू बेल स्कूल के प्रबंधक संदीप कुशवाहा को अंगवस्त्र व सम्मान–पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के इस आयोजन में प्रयागराज के विख्यात चित्रकार एवं कवि रवीन्द्र कुशवाहा, मंडला म० प्र० की वरिष्ठ साहित्यकार



अनीता दुबे तथा सुल्तानपुर के युवा कवि रोहित राय को विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में डा. शंभुनाथ त्रिपाठी अंशुल के कहानी संग्रह वघोलहिया भउजी, डा.रामसुख यादव के उपान्यास भ्रम पंडा और प्रयागराज, रामशंकर पटेल की पुस्तक जीवन सौन्दर्य सुख और शांति, चित्रकूट के वरिष्ठ साहित्यकार डा.सतीश बब्बा के कहानी–संग्रह रिश्ते यहाँ भी बनते हैं तथा डा.रामलखन चौरसिया वागीश की पुस्तक लघु काव्य कौमुदी का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

सभी कवि–लेखक ने अपनी–अपनी पुस्तकों पर अपनी बात भी रखी तथा वाचस्पति सम्मान से सम्मानित साहित्यकारों ने भी अपने उद्गार प्रकट किया। आरंभ में डा. रामलखन चौरसिया ने समस्त अतिथिगण का शब्द–सुमन से स्वागत किया तथा पं.राकेश मालवीय मुस्कान ने सरस्वती वंदना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि साहित्यकारों में योगेंद्र मिश्र विश्वबंधु, लोक रंजन प्रकाशन के रंजन पाण्डेय, डा.ऊषा मिश्रा, डा.अजय मालवीय बहार, सुधीर तिवारी, प्रदीप सिंह, डा.श्याम फतनपुरी, हरीश वर्मा, केशव सक्सेना, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील दानिश, मुदित व चौतन्य मालवीय, अश्विनी कुमार, पंकज गुप्ता, प्रेमलता यादव, गरिमा आदि रचनाकार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मिसेज यूपी के मंच पर प्रयागराज का परचम

पायल व्यास शुक्ला ने हासिल किया दूसरा स्थान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर प्रयागराज की पायल व्यास शुक्ला ने मिसेज उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है।



मधु कमल मोशन पिक्चर्स द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित मिस उप्र प्रतियोगिता में पायल ने फर्स्ट रनर–अप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान पायल ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता की चीफ जज एवं मिस वर्ल्ड बुल्गारिया थियोडोरा मिल्टेनोवा ने पायल व्यास शुक्ला को अपने हाथों से क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि के साथ पायल ने ना केवल अपने परिवार बल्कि पूरे प्रयागराज को गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पायल की इस उपलब्धि को शहर की महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत, मां घायल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसरा प्रयागराज। जनपद प्रयागराज थाना घूरपुर क्षेत्र के ग्राम सभा पचखरा में आज शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां घायल हो गई।मृतकों की पहचान बड़े लड़के प्रियांशु (18 वर्ष) और छोटे लड़के शिवांश (2.5 वर्ष) पुत्र राकेश साहू, निवासी ग्राम पीपल गांव के रूप में हुई है। मां शांति देवी इस हादसे में घायल हुई हैं।जानकारी के अनुसार शांति देवी के चार लड़के थे, जिसमें सबसे बड़े और सबसे छोटे बेटे की इस हादसे में मौत हो गई। ये लोग परसरा में शिवचर्चा में शामिल होकर अपने घर वापस जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।सूचना पर थाना प्रभारी घूरपुर और थाना प्रभारी बारा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। एंबुलेंस द्वारा दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु स्वरूपरानी भेजा गया, वहीं घायल मां शांति देवी को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।इधर मां और पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस घटना से शोक की लहर है।

किसान मोर्चा का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर जतायी गयी खुशी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को राकेश सिंह को काशी प्रान्त का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर खुशी जतायी गयी। कार्यकर्ताओं ने सांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त क्षेत्रीय मंत्री राकेश का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम के जरिए स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य केके सिंह तथा संचालन प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सुरेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर बाल कृष्ण तिवारी, रामबरन मौर्य, सूरजदीन, संजय सिंह, सचिन शुक्ल, विनय सिंह, मो0 अयूब, रामसुख सरोज, जगदीश यादव, दिनेश विश्वकर्मा, सूरज सिंह आदि रहे।



घर-घर मतदाता अभियान की एसडीएम ने किया समीक्षा, दलों से मांगे सुझाव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत मंगलवार को एसडीएम की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। वहीं एसडीएम ने विभिन्न विद्यालयों में सर्वे अभियान को लेकर औचक निरीक्षण भी किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम वाचस्पति सिंह ने बताया कि घर घर सर्वे अभियान के तहत मतदाताओं के नाम शामिल किये जाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से छूटे तथा युवा मतदाताओं के नाम शामिल कराए जाने के लिए बूथवार सहयोग मांगा। बैठक में शामिल दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केन्द्रों से जुड़ी सुविधाओं को लेकर अपने सुझाव रखे। वहीं एसडीएम ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अभियान में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। इस मौके पर सपा मण्डल अध्यक्ष रामधन यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र, कांग्रेस के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल शामिल रहे। अभियान को लेकर एसडीएम ने लालगंज के शीतलमऊ, बेलहा, खजुरी आदि विद्यालयों में औचक निरीक्षण भी किया। उन्होने अभियान में लगे कर्मचारियों को पारदर्शिता के कड़े निर्देश दिये।



नाबालिक किशोरी को भगाने के आरोप में युवक के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति का आरोप है कि एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 14 नवंबर की दोपहर एक बजे के करीब उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बेटी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने शिव प्रकाश के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

पैसे के लेन देन को लेकर मारपीट, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के चक सई गंज निवासी अतुल पुत्र अशर्फी लाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि तीन दिन पहले गांव के एक व्यक्ति से पैसे के लेन देन को लेकर आपसी कहासुनी हो गई, जिसके बाद विपक्षी गाली गलौच करने लगा जिसका विरोध करने पर विपक्षी उसके घर में आकर गाली गलौच कर भाई धीरज, शनि कुमार व उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा, पड़ोसियों के बीच बचाव के बाद विपक्षी शिकायत न करने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने मनीष पुत्र तिलकधारी , अभिषेक , कुलदीप, अनूप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, भाई, भतीजे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के एक व्यक्ति का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसका भाई और भतीजा गाली गलौच कर मारपीट कर धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के भैरावा गांव निवासी नरेंद्र द्विवेदी पुत्र स्व देवी चरन द्विवेदी ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि दस नवम्बर की सुबह 11 बजे के करीब वह अपने खेत में था इस दौरान जमीनी विवाद को लेकर उसका भाई व भतीजा गाली गलौच करते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद इलाज कराने चला गया 15 नवंबर की शाम सात बजे के करीब वह वापस घर लौटा तो भाई भतीजे पुनः गाली गलौच करते हुए धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर सैनी पुलिस ने भाई जितेंद्र उर्फ राजू द्विवेदी एवं भतीजे सुभाष उर्फ कल्लू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

भगवान का जन्म धर्म पक्ष की विजय का शंखनाद-डॉ. विनोद शुक्ल

वीरबल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। ढ़िगवस के समीप वीरबल में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्म के महात्म्य की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास डॉ. विनोद शुक्ल जी महराज ने कहा कि भगवान का जन्म सृष्टि में ध र्म पक्ष की विजय के शंखनाद का उत्सव है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी ने प्राणी पर दया और करूणा के साथ उसे सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होने कहा कि अधर्म के मार्ग पर चलने वाले को सदैव भगवान के क्रोध के तहत विनाश का दुःख भोगना पड़ा है। उन्होने कहा कि जीवन में हर क्रिया को करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि द्वारिकाधीश स्वयं उसके कृत्यों का मूल्यांकन कर रहे हैं। उन्होने बताया कि भगवान के जन्म होते ही धरती से अनीति और अत्याचार के शंखनाद की भी गूंज सुनाई देने लगी। कथा प्रवाचक डॉ. विनोद शुक्ल जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन का पुण्य परोपकार में फलीभूत हुआ करता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी पर कथा श्रवण को आये श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। महिलाओं ने भगवान को प्रसन्न करने के मांगलिक सोहर गान की स्तुति भी की। संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य विनोद शंकर द्विवेदी एवं आशा द्विवेदी तथा प्रधानाचार्य अनिल तिवारी, शोभा तिवारी ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कथा प्रवाचक डॉ. विनोद शुक्ल को सम्मानित किया। इस मौके पर मनीष द्विवेदी, अविरल द्विवेदी, प्रधान रज्जन मिश्र, विश्वभवन शुक्ल, विभवभूषण शुक्ल, हरीश मिश्र, ललित मिश्र आदि रहे।



स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीगंज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनांक 17 नवंबर 2026 स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीगंज, प्रतापगढ़ में एक युवा जागरूकता एवं शुभारंभ सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना था।ध कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन महाविद्यालय की यातायात सुरक्षा और सेफ्टी क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति शुक्ला द्वारा किया गया।



सत्र के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . श्याम नारायण यादव द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने और वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया।

डॉ. कंचन ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं, सावधानियों और सुरक्षित यातायात के तरीकों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। ध्डॉ. अजय कुमार यादव द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा अधिनियम (डवजवत टमीपबसमे ।बज) के प्रमुख प्रावधानों, कानूनी नियमों और उनके महत्व से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. नीलिमा सिन्हा, डॉ. श्रद्धा, डॉ संदीप वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र पाल एवं डॉ. रेशम देवी की सक्रिय सहभागिता एवं गरिमामयी उपस्थिति रही।

जेल में चार बंदी टीबी मरीजों को मिला पोषण का सहारा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत इंडियन रेडक्रास सोसाइटी और डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला कारागार में चार बंदी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की गई। उपचार पूरा होने तक मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जेल अधीक्षक नागेश सिंह की मौजूदगी में बंदी क्षय रोगियों संतलाल, अमित जाट, अमित कुमार और शिवलाल को पोषण सामग्री प्रदान की। इसमें मूंगफली के दाने, सत्तू, चना, गुड़ और प्रोटीन पाउडर शामिल रहा।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी के उपचार में नियमित रूप से दवाओं का सेवन करने के साथ पौष्टिक आहार भी महत्वपूर्ण है। संतुलित एवं पौष्टिक भोजन से मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि टीबी को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने लोगों से टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग करने की अपील की। बताया गया कि चारों मरीजों को चिकित्सकीय उपचार का कोर्स पूरा होने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में जेलर जितेंद्र यादव, जेल चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्रा तथा इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के सचिव एवं प्रमुख सहयोगी अजीत सिंह मौजूद रहे।



जिले में सजेगा ताइक्वांडो का अखाड़ा, 21 नवंबर से दो दिन होगी भिड़ंत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के तत्वावधान में 21 और 22 नवंबर को शहर के आईटीआई रोड स्थित डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में द्वितीय ताइक्वांडो कप स्टेट चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 10 जिलों से ताइक्वांडो खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था भी विद्यालय परिसर में की गई है। एसोसिएशन अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने ताइक्वांडो कोचों को आयोजन से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपते हुए प्रतियोगिता को व्यवस्थित और सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विभिन्न वर्गों में विजेता प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक के हाथों ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे। महासचिव राजकुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 नवंबर निध र्ारित की गई है। उन्होंने खिलाड़ियों और कोचों से निध र्ारित समय के भीतर पंजीकरण कराने की अपील की है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, सदस्य राहुल मिश्रा, रिचा राजपूत और तनुज बाजपेई समेत अन्य पदाधि ाकारी मौजूद रहे।

खेल मैदान निर्माण से लेकर मापन तक की बारीकियां सीख रहे शिक्षक

स्पर्धा मॉड्यूल प्रशिक्षण में खेल शिक्षकों को एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों के मैदान तैयार करने के तकनीकी कौशल का दिया गया प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। विद्यालयों में खेल गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), कौशांबी में संचालित स्पर्धा मॉड्यूल प्रशिक्षण के तहत शिक्षकों को खेल मैदान निर्माण और मापन की बारीकियां सिखाई गईं। डायट परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान खेल शिक्षकों को एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों के मैदान तैयार करने, उनके निर्धारित मानकों और मापन की तकनीकी जानकारी दी गई।

डायट प्राचार्य निधि शुक्ला के नेतृत्व में व वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में शिक्षकों को खेल मैदानों के निर्माण से जुड़े नियमों, तकनीकी मानकों और आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने मैदान की रूपरेखा तैयार करने, निर्धारित माप के अनुसार खेल क्षेत्र का सीमांकन करने तथा विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक संरचना विकसित करने की तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।



प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि खेलों के आयोजन में मैदान का निध र्ारित मानकों के अनुरूप होना बेहद महत्वपूर्ण है। मैदान की सही माप, सीमांकन और निर्माण की तकनीकी जानकारी होने से खेल गतिविधियों का संचालन अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से किया जा सकता है। इसके लिए शिक्षकों को मैदान पर विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं का अभ्यास भी कराया गया।

बाइकों की भिड़ंत में दो सगे भाई घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा फतेहपुर। खागा कस्बे के नई बाजार में दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार दो सगे भाई घायल हो गए। गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी गांव निवासी सुरेंद्र (50) अपने भाई मुकेश के साथ निमंत्रण में शामिल होने खागा आए थे। नई बाजार में उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। घायलों को हरदो सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मुकेश को उपचार के बाद घर भेज दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

बाइक-साइकिल की टक्कर में दो घायल, बाइक सवार की हालत गंभीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के जयराम नगर-जोनिहा रोड पर बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दोनों चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। परशुरामपुर गांव निवासी रामदास का 19 वर्षीय पुत्र राजकरन बाइक से किसी काम से शहर आ रहा था। इसी दौरान जयराम नगर-जोनिहा रोड पर उसकी बाइक साइकिल से टकरा गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने साइकिल सवार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल राजकरन को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी मोहल्ले के निभारा में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से 30 वर्षीय अश्वनी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मसवानी निवासी अरुण कुमार का पुत्र अश्वनी बाइक से किसी काम के लिए निकला था। इसी दौरान हादसा हो गया। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

नीलगाय से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के बांदा-सागर रोड पर लदिगवां गांव के समीप अचानक सामने आई नीलगाय से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शमशाबाद गांव निवासी राजेश का 24 वर्षीय पुत्र भरत बाइक से किसी काम के लिए निकला था। रास्ते में अचानक नीलगाय सामने आ जाने से उसकी बाइक टकराकर सड़क पर गिर गई। हादसे में भरत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे बहुआ सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले आए, जहां भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है।

खेत में धान काट रही महिला को सांप ने डसा, हालत गंभीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के धनकामई गांव के समीप बुधवार सुबह खेत में धान की फसल काटते समय 31 वर्षीय महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। गांव निवासी ज्ञानचंद्र की पत्नी उर्मिला देवी खेत में धान काट रही थी, तभी सांप ने उसे काट लिया। परिजन उसे तत्काल हरदो सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

रास्ते में एंबुलेंस बनी प्रसव कक्ष, ईएमटी की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा सुरक्षित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सेमौरी गांव की गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज हो गई। इस पर 102 एंबुलेंस कर्मी ने सूझबूझ दिखाते हुए ऑनलाइन चिकित्सकीय सलाह और परिजनों की मदद से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुनील कुमार की पत्नी मीरा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मी ईएमटी प्रदीप कुमार और पायलट राजेंद्र सिंह महिला को लेकर अस्पताल जा रहे थे। सुल्तानपुर घोष कस्बे के समीप अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर पायलट ने एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी की। इसके बाद ईएमटी ने ऑनलाइन चिकित्सकीय सलाह लेते हुए परिजनों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। बाद में जच्चा-बच्चा को सीएचसी हथगाम पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर सत्या की देखरेख में भर्ती कराया गया। महिला के परिजनों ने एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

परिजनों की डांट से क्षुब्ध युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ीवा मोहल्ले में परिजनों की डांट से नाराज होकर 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गढ़ीवा निवासी रामसजीवन के पुत्र रिकू को किसी बात पर परिजनों ने डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

जलभराव से बदहाल हुई असोथर रोड, गड्ढों में तब्दील सड़क से राहगीर परेशान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। रामपुर थरियांव-असोथर मार्ग पर जलभराव के चलते सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे होने और उनमें गंदा पानी भरा रहने से राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर फिसलन और गड्ढों के कारण हादसों का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। सड़क पर भरे पानी और कीचड़ के चलते बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली के चलते आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग समस्या की अनदेखी कर रहा है।

स्कूल की खिड़की काटकर चोरों ने उड़ाया स्मार्ट कक्ष का सामान, चौकी प्रभारी ने किया निरीक्षण

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय रैचन्दा में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर खिड़की की ग्रिल काटकर स्मार्ट कक्ष (स्ट्रांग रूम) में घुसे और वहां रखा कीमती सामान चोरी कर ले गए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीतलाल बिंद ने बताया कि चोरी इनवर्टर, दो बड़ी बैटरी, स्टेबलाइजर, आहूजा साउंड मशीन व खेल का सामान समेत अन्य सामान चुरा ले गए। सुबह विद्यालय खुलने पर टूटी खिड़की व कटी ग्रिल देखकर घटना की जानकारी हुई।सूचना पर मंगलवार सुबह 10रू15 बजे डायल 112 पर सूचना दी गई। इसके बाद चौकी प्रभारी सतहरिया धनंजय राय मौके पर पहुंचे और चोरी का निरीक्षण किया। उन्होंने टूटी खिड़की, कटी ग्रिल व स्मार्ट कक्ष का बारीकी से जायजा लिया और प्रधानाध्यापक से पूरी जानकारी ली।प्रधानाध्यापक ने थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर को लिखित तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना से बच्चों व अभिभावकों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने विद्यालयों में रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने व चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

एन0आई0 एक्ट के वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के मार्गदर्शन में दिनांक 21 नवम्बर, 2026 को जनपद न्यायालय, मीरजापुर में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (Negotiable Instruments Act), विशेष रूप से धारा–138 के अंतर्गत लंबित वादों के त्वरित एवं सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।



उक्त विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य चेक बाउंस से संबंधित मामलों में पक्षकारों को आपसी सुलह–समझौते के माध्यम से विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराना तथा न्यायालयों में लंबित वादों के बोझ को कम करना है।

इस अवसर पर संबंधित वादों के समस्त वादकारियों एवं अधिवक्तागण से अपील की जाती है कि वे अपने–अपने लंबित वादों के निस्तारण हेतु निर्धारित तिथि को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठायें तथा आपसी सहमति से अपने वादों का निस्तारण करायें।

लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, जिससे पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है।

डीएम और सीडीओ ने मतदाता जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में मगंलवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

डीएम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक मतदाता पर निर्भर है। मतदान केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है। एक–एक मत देश के भविष्य की दिशा तय करता है। कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों में निबंध, भाषण, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता फैलाने को कहा। युवाओं से अपील की कि 18 वर्ष पूरे कर चुके युवा मतदाता सूची में नाम जरूर दर्ज कराएं और परिवार को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान के समय किसी प्रलोभन व दबाव में न आएं। सीडीओ ने कहा कि अभियान में शिक्षण संस्थानों की भूमिका अहम है। विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश हर घर तक पहुंचे।इस दौरान सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, प्राचार्य समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



भाईदूज कार्यक्रम की सफलता पर विंध्य गंगे श्री राम सेवा समिति का सहभोज, नपाध्यक्ष ने सदस्यों का जताया आभार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। विंध्य गंगे श्री राम सेवा समिति द्वारा भाईदूज के अवसर पर आयोजित सफल एवं भव्य कार्यक्रम के उपरांत दिनांक 14.11.2026 को बिनानी धर्मशाला में समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आत्मीय सहभोज एवं विचार–विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने गुड़हट्टी चौराहे पर विगत 10 वर्षों से निरंतर परंपरागत रूप से आयोजित किए जा रहे विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में सभी सदस्यों के समर्पण, सहयोग और सहभागिता की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।



बैठक में श्री भोलेश्वर महादेव मंदिर, बीएलजे इंटर कॉलेज के सामने हो रहे निर्माण कार्य को पुनर्निर्माण के स्वरूप में बेहतर ढंग से विकसित करने को लेकर भी सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष डॉली अग्रहरि, सभासद गोवर्धन यादव (टीटू), सभासद अलंकार जायसवाल, जय हिंद सिंह राठौर, सोनू दीक्षित, महासचिव अभिषेक अग्रहरि, संजय जोशी गोपाल केशरी राहुल चंद्र जैन किशन चौरसिया सहित समिति के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का कुशल संचालन गणेश सेठ ने किया।

दुल्हीपुर मे चल रहे तीन दिवसीय मजलिस का हुआ समापन

शफीक हुसैन शफक ने पढ़ी आखरी मजलिस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

चन्दौली। बैतूल हुजन दुल्हीपुर में तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन किया गया जिसका समापन आज विधिवत रूप से हुआ। इस दौरान मजलिस मे काफी तादाद में जायरीनों का हुजूम इकठ्ठा रहा।

वहीं आज की मजलिस में प्रमुख रूप से मौलाना तहजीब हुसैन रिजवी इमामे जुमा रांची, मौलाना दावर हुसैन रिजवी, सैय्यद अली अब्बास नकवी, सैय्यद अली अब्बास रिजवी और बनारस के रिशी बनारसी, अम्बर तुराबी और रौशन बनारसी गाजी अब्बास आदि शामिल रहे। साथ ही मजलिस का समापन नौहा खानी से हुआ अंजुमन सज्जादिया असगरिया ने काशिफ दुलहीपुरी का कलाम ष्खाक पे बैठ के मौला मेरा रोया होगाष पढ़ा, जिसमें मुख्य रूप से फराज हुसैन काशिफ जाफरी कासिद हुसैन शामिल थे। इस दौरान मौलाना तहजीब हुसैन रिजवी ने फरमाया कि दुल्हीपुर के सरजमी से हमको बहुत लगाव है और यहां के लोगों का अपनापन हमको हर साल यहाँ खींच लाता है। मौलाना मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने फरमाया कि बीबी फातमा इस्लाम की एक ऐसी शख्सियत है जिसको भूलना किसी के बस की बात नहीं। पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत करने वालों में कमर अब्बास, हाजी समर हसन हुसैनी, फैजी जाफरी, यावर जाफरी, अली जाफर जाफरी, हिलाल, शहंशाह, यूसुफ हुसैनी, उरूज हैदर, शेमू जाफरी, एहसान ईरानी, हाशिम ईरानी, शौजब हुसैन सैय्यद फरहान हुसैन, हसन नकी असद, जमील आब्दी, जैगम अब्बास, सैयद हुसैन मेहदी, डॉ शकील मिर्जा, मासूम रजा, सैफी आदि शामिल थे। कार्यक्रम के संयोजक जौहर रिजवी और मौलाना मुंतजिर जाफरी ने कहा उन्नीसवसा दौर मजलिश का काफी अच्छा रहा लोगों के सहयोग से ये 19 साल सफलता के साथ निकल गया मजलिस के बाद सभी को तबर्रुख तखसीम किया गया।



छठ पूजा के अवसर पर जै माँ काली सेवा समिति ने किया विशेष सहयोग

श्रद्धालुओं की सेवा में लगाया सहायता मंच

देवा सरकार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जै माँ काली सेवा समिति, सहदुल्लाहपुर की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विशेष सहयोग मंच का आयोजन किया गया।

समिति के अध्यक्ष गुरुदेव चौहान एवं सभी सदस्यों के विशेष सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक कैलाश खरवार आचार्य, जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, समाजसेवी गीता शुक्ला, पूर्व विधायक शारदा प्रसाद एवं चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं



दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर विधायक कैलाश खरवार आचार्य ने कहा कि छठ पर्व सनातन संस्कृति और आस्था का महापर्व है। इस पर्व पर श्रद्धालुओं की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। जै माँ काली सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष छठ पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है, वह सराहनीय है।

समिति के अध्यक्ष एवं पूरी टीम सेवा भावना के साथ लगातार श्रद्धालुओं का सहयोग करती आ रही है।कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपजिलाधिकारी विकास मित्तल, चकिया थाना अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. कुन्दन गौंड, बादल सोनकर, रवि गुप्ता, आशु गुप्ता, उमेश चौहान, अरविन्द गुप्ता, अनिल केशरी, शिव रतन गुप्ता, केशरी नंदन, संजय मौर्य, अरविन्द सिंह, समाजसेवी प्रदीप गुप्ता, दीपचंद जायसवाल एवं राम दुलारे गौंड सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने छठ व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए विशेष सहयोग प्रदान किया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

पुरऊपुर ड्रेन बना किसानों के लिए मुसीबत, सैकड़ों बीघा फसल पर जलभराव का संकट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के सोहासा, पुरऊपुर और नारायनडीह गांव के किसानों के लिए पुरऊपुर ड्रेन मुसीबत बन गई है। कई वर्षों से ड्रेन की सफाई न होने के कारण हर साल सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो जाती है। इससे धान, गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।ग्राम सोहासा निवासी त्रिपुरारी शंकर पटेल की शिकायत पर मंगलवार को जल विभाग की टीम और भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मराज पटेल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान जल विभाग के जिलेदार अशोक कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। किसानों ने उन स्थानों को दिखाया, जहां सफाई न होने से पानी की निकासी बाधित हो रही है।किसानों ने मांग की कि पुरऊपुर ड्रेन की तत्काल सफाई कराई जाए। साथ ही सोहासा माइनर की भी सफाई हो और नहर की पटरी की मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए, ताकि किसानों को खेतों तक पहुंचने में परेशानी न हो।

किसानों का कहना है कि वे हर साल हजारों रुपये खर्च कर धान की रोपाई और गेहूं–सरसों की बुवाई करते हैं, लेकिन ड्रेन में पानी की निकासी बाधित होने से फसलें डूब जाती हैं। इससे उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान हो रहा है।इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष धर्मराज पटेल ने कहा कि किसानों की समस्या बेहद गंभीर है। विभाग को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ उसी स्थान पर शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।किसानों ने शासन–प्रशासन से ड्रेन की सफाई, सोहासा माइनर की सफाई, नहर की पटरी की मरम्मत, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और पिछले वर्षों में हुए फसल नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की हैइस अवसर पर भाकियू जिला महासचिव राकेश चंद मौर्य, युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, रामसूरत पटेल इंजीनियर, लवकुश पटेल, गंगाप्रसाद पटेल, दिनेश प्रजापति, महादेव पटेल समेत बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित रहे।



अभिषेक चौबे आगामी चुनाव में एक बेहतर और प्रभावी विकल्प साबित हो सकते हैं

विधानसभा क्षेत्र संख्या 401 पर राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की राजनीति में जैसे–जैसे साल 2027 के विधानसभा चुनावों की सरगर्मी बढ़ रही है, सोनभद्र जिले की हॉट सीट रॉबर्ट्सगंज (विधानसभा क्षेत्र संख्या 401) पर राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। स्थानीय राजनीतिक गलियारों में इस बात पर मंथन तेज हो गया है कि क्या एनडीए गठबंधन (अपना दल एस) के तहत आने वाले शविधि मंचश के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इलाहाबाद हाईकोर्ट के जाने–माने अधिवक्ता अभिषेक चौबे आगामी चुनाव में एक बेहतर और प्रभावी विकल्प साबित हो सकते हैं?

कानूनी लड़ाई और जनहित मुकदमों से मिली पहचान अधिवक्ता अभिषेक चौबे की सबसे बड़ी ताकत उनका जमीनी राजनीतिक अनुभव नहीं, बल्कि सोनभद्र के ज्वलनशील मुद्दों पर उनकी मजबूत कानूनी पैरवी और जनहित याचिकाएं (पीआईएल) रही हैं। सोनभद्र जो कि देश का ऊर्जा और खनन केंद्र है, वहां पर्यावरण और स्थानीय अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने कई बड़ी कानूनी लड़ाइयां लड़ी हैं।

डीएमएफ ट्रस्ट का गठन सोनभद्र में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) ट्रस्ट के प्रभावी गठन और पारदर्शिता को लेकर हाईकोर्ट में डाली गई जनहित याचिकाओं (सहयोग सोसायटी केस आदि) में उनकी कानूनी सक्रियता ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया।

एनजीटी में पर्यावरण संरक्षण जिले में बेलगाम अवैध खनन, सोन नदी के दोहन, फ्लाई–ऐश और स्टोन–क्रशर से फैलने वाले प्रदूषण के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में उनके द्वारा उठाए गए मामलों ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा है। पर्यावरण और



खनन अनुपालन पर उनकी कानूनी पकड़ को स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग एक बड़े प्रशासनिक सुधार के रूप में देखता है। पारंपरिक नेताओं से कितनी अलग है तस्वीर?रॉबर्ट्सगंज सीट पर जहां एक ओर पारंपरिक रूप से भाजपा विधायक भूपेश चौबे और समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के इर्द–गिर्द मुकाबला घूमता रहा है, वहीं अभिषेक चौबे का प्रोफाइल एक ष्टेक्नोक्रेट–कम–लीगल एक्सपर्टष नेता के रूप में उभरता है। पारंपरिक राजनीति बनाम विधिक दृष्टिकोणरू जहां आम विधायक केवल योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन तक सीमित रहते हैं, वहीं चौबे जैसे कानूनी पृष्ठभूमि के चेहरे नीतिगत खामियों, नियमों के पेचीदा पहलुओं और भ्रष्टाचार पर कानूनी शिकंजा कसने का माद्दा रखते हैं। युवाओं और बुद्धिजीवियों में पकड़ साफ–सुथरी छवि, अदालती संघर्षों के जरिए जनता के अधिकार की लड़ाई और एनडीए के सहयोगी दल (अपना दल एस) के विधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उनका कद गठबंधन खेमे में मजबूत माना जा रहा है।

मतदाता जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । मंगलवार को बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत संगठनात्मक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी मीरजापुर भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रविशंकर पांडेय ने किया। बैठक को



संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं एवं पात्र लाभार्थियों के नाम जुड़वाने का यह अंतिम अवसर है । इसलिए पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ अभियान में जुट जाएं। प्रत्येक बूथ पर घर–घर संपर्क कर पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का प्रयास करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे । उन्होंने कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान को सफल बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह ने भी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक समन्वय एवं आपसी सहभागिता के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी से ही अभियान को अपेक्षित सफलता मिलेगी। बैठक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, मनोज जायसवाल, बालेंदु मणि त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, रवि नारायण सिंह पटेल, मती सुनीता शर्मा, बैजनाथ प्रजापति , उदयभान तिवारी,जिला महामंत्री डॉ. सी. एल. बिन्द, जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी, विरेन्द्र प्रताप यादव, आलोक सिंह, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दुबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक आनंद मैनी, जिला मीडिया सह प्रभारी रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल, सोनू दूबे, महेंद्र जायसवाल , जिला के मोर्चा अध्यक्ष ध महामंत्री,विधानसभा प्रभारी, विधानसभा विस्तारक, विधानसभा आईटी प्रमुख एवं विधानसभा बीएल–1 उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

जिले में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। बढ़ते अपराध के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार सिंह पटेल ने की। धरने में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिले में हत्या, लूट, अपहरण और चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 9 नवंबर को 12 वर्षीय प्रिंस बिंदा की 50 लाख फिरौती मांगने के बाद हत्या, विंध्याचल में दो लोगों की हत्या, लालगंज के फतहवां गांव में संजय की हत्या, स्वर्ण व्यवसायी से लूट, घोरावल–सहिद क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी, नटवा तिराहे पर बुजुर्ग महिला से चेन लूट और चाय–पान दुकानदार के बेटे के अपहरण जैसी घटनाओं से लोगों में दहशत है। अनुसूचित जाति की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, लेकिन हकीकत कुछ और है। जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने जिला प्रशासन से अपराध पर रोक लगाने की मांग की। संचालन प्रदेश प्रवक्ता मिन्हाज अहमद ने किया। इस दौरान शशि भूषण दुबे, गुलाबचंद पांडे, रमेश चंद्र प्रजापति, दुर्गा प्रसाद चौधरी, रामनाथ दुबे, शकील अहमद, राजेश मिश्रा, रवि शंकर तिवारी समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शहला फारूक है (S H A H L A FAROOQUE) पुत्री मो0 फारूक (MOHD. FAROOQUE) पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी (ABDUL RAHMAN SIDDIQUI) जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड नंबर ** ** *2519 में मेरा नाम शहला फारूक (SHAHLA FAROOQ) पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी (ABDUL RAHMAN SIDDIQUI) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम शहला फारूक (SHAHLA FAROOQUE) पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी (ABDUL RAHMAN SIDDIQUI) के नाम से जाना व पहचाना जाए। जो सत्य व सही है।

शहला फारूक पुत्री मो0 फारूक, पत्नी अब्दुल रहमान सिद्दीकी निवासिनी पंवर थाना घूरपुर, पो. पंवर वाया जसरा, ब्लॉक कौंधियारा, तहसील करछना जनपद प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

सपा में पहले चाचा–भतीजे तय कर लें कि दलित दमदार हैं या मूर्ख : चिराग

लखनऊ, संवाददाता। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को लखनऊ में कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से लिया गया है। हालांकि, पार्टी किस गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी या अकेले लड़ेगी, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। फिलहाल संगठन मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने पर जोर है। चिराग ने बताया कि दिसंबर से पार्टी प्रदेश में 'चौखट–चौखट चिराग' कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके तहत अलग–अलग जिलों में रोड शो होंगे और कार्यकर्ता घर–घर जाकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी अरुण भारती को दी गई है। हाल ही में प्रयागराज में 'यूथ बोले' कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके जरिए युवाओं की समस्याएं और उनकी आवाज सुनने का प्रयास किया जा रहा है। ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन के सवाल पर चिराग ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इसका उत्तर प्रदेश में कोई खास असर पड़ेगा। उनके मुताबिक, जनता स्थिर सरकार चाहती है और उसके सामने एनडीए और इंडिया गठबंधन दो विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि तीसरा मोर्चा



अक्सर वोट काटने का काम करता है, लेकिन उसे इसका फायदा नहीं मिलता। चिराग ने कहा कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान अपनी पार्टी के विस्तार पर है। गठबंधन में कौन रहेगा और कौन नहीं, यह सामूहिक फैसला होता है। कोई एक दल अकेले इस पर निर्णय नहीं ले सकता। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को लेकर उन्होंने कहा कि वह उनका बहुत सम्मान करते हैं। बिहार में उनके साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है, क्योंकि उस समय वह अपने गठबंधन और चुनाव में व्यस्त थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दलित दमदार बयान पर चिराग ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही सपा को दलितों की याद आ रही है, जबकि उनकी सरकार में दलितों के खिलाफ उत्पीड़न हुआ। उन्होंने कहा, सपा में पहले चाचा–भतीजे तय कर लें कि दलित दमदार हैं या मूर्ख। चिराग ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया कि आजादी के चार दशक बाद तक संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर क्यों नहीं लगी थी। उन्होंने कहा कि पहली बार वीपी सिंह की सरकार में संसद में बाबा साहब की तस्वीर लगाई गई थी। उस समय रामविलास पासवान मंत्री थे। चिराग ने सपा पर राम मंदिर के न्योते पर अयोध्या नहीं जाने और राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले दल के साथ गठबंधन करने को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सपा को शायद भ्रम है कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी उसे फायदा मिलेगा। लोकसभा चुनाव में एक नैरेटिव बनाया गया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में राजनीतिक परिस्थितियां अलग होंगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता रामविलास पासवान का उत्तर प्रदेश से विशेष लगाव था। उन्होंने उस समय भी यूपी से चुनाव लड़ा था, जब प्रदेश में पार्टी का संगठन मजबूत नहीं था। अब पार्टी युवाओं के समर्थन से प्रदेश में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है।

नियुक्ति की मांग पर अभ्यर्थियों ने केजीएमयू में प्रशासनिक भवन–घेरा

लखनऊ, संवाददाता। केजीएमयू में नियुक्ति की मांग को लेकर चयनित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रशासनिक भवन का घेराव किया। अभ्यर्थी वर्ष 2024 में नॉन–टीचिंग पदों पर निकली भर्ती में चयनित हुए थे। उनका आरोप है कि चयन और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के कई महीने बाद भी नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। अभ्यर्थियों ने जल्द नियुक्ति पत्र जारी कर जॉइनिंग कराने की मांग की। उनका कहना था कि प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान मौके पर पहुंचे चीफ प्रॉक्टर ने अभ्यर्थियों को शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अनुशासन बनाए रखने की नसीहत भी दी। मौके पर पहुंचे चीफ प्रॉक्टर ने छात्रों से कहा, आप लोग केजीएमयू में ही जॉइन कर रहे हैं न। इस तरह रास्ता ब्लॉक करना ठीक नहीं है। आपको यहीं जॉइन करना है। डिसिप्लिन भी तो जरूरी है। साल 2024 में जारी भर्ती विज्ञापन संख्या 230,2024 के तहत 332 पदों पर सीधी भर्ती निकाली गई थी। इसे दो चरणों में पूरा किया गया। पहले चरण में 207 और दूसरे चरण में 125 पद शामिल थे। पहले चरण के कुछ पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं, जबकि दूसरे चरण के अभ्यर्थी करीब पांच महीने से नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे हैं। दूसरे चरण में नौ तरह के पदों के लिए 3 अप्रैल 2026 को लिखित परीक्षा हुई थी। अभ्यर्थियों के अनुसार, 17 अप्रैल को इसका परिणाम जारी किया गया। इनमें टेक्निकल ऑफिसर मेडिकल परफ्यूजन, टेक्नीशियन रेडियोथेरेपी, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, जूनियर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, टेक्नीशियन न्यूक्लियर मेडिसिन, टेक्नीशियन ग्रेड–2 डेंटल, मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर ग्रेड–2, रिसेप्शनिस्ट और असिस्टेंट सिक्योरिटी ऑफिसर के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए 20 और 21 मई 2026 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख तय की गई थी। इसके बाद 11 जून को दूसरी कॉल का नोटिस जारी हुआ और 12 जून को अभ्यर्थियों को क्ट के लिए बुलाया गया। इसके बावजूद अब तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं।

बीजेपी का अयोध्या का बाद मथुरा पर फोकस, अखिलेश यादव को घेरने का प्लान

लखनऊ, संवाददाता। यूपी असेम्बली इलेक्शन की तैयारियों में जुटी बीजेपी ने रणनीति में बदलाव किया है।अयोध्या के बाद अब बीजेपी का फोकस भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा पर है। बीजेपी के दो दिनी चिंतन शिविर के बीच इसके संकेत मिले हैं।बीजेपी के संगठन महामंत्री धर्मपाल ने साफ कहा कि अभी सिर्फ राम मंदिर का काम हुआ है बाकी काम बचा हुआ है। शिविर के पहले दिन धर्मपाल ने अपने सम्बोधन में इशारा किया कि अब बीजेपी को फोकस मथुरा कृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे पर करना है। बोले, बीजेपी के प्रमुख मुद्दों में अभी सिर्फ राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण हुआ है लेकिन बाकी मुद्दों पर काम बाकी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पहले ही इस मुद्दे को उठाया था।उन्होंने कहा कि अयोध्या की तरह ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर भी भव्य मंदिर बनेगा। अयोध्या हमारी हो गई है अब मथुरा की बारी है। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के लिए कार सेवा करने का न्योता दे दिया। डिप्टी सीएम का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि धीरेंद्र शास्त्री के भगवान कृष्ण पर दिए बयान के बाद से अखिलेश यादव साफ्ट हिन्दुत्व को धार देते हुए बीजेपी पर हमलवार थे और भगवान कृष्ण को अपने आराध्य देव बताते हुए बीजेपी को घेरने में जुटे थे। भाजपा की राजनीतिक मुद्दों में अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले के जवाब में हिंदुत्व और विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार है। शिविर में अखिलेश के सामाजिक समीकरण को हिंदुत्व के मुद्दे से जवाब देने पर मंथन किया गया। संगठनात्मक विषयों में कार्यकर्ताओं की नाराजगी का मुद्दा भी उठा है। कुछ ने तो कह दिया कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर नहीं की गई तो चुनाव में परेशानी हो सकती है। बैठक में सहमति बनी कि पिछले एक दशक में सुरक्षा व्यवस्था, विकास और सुशासन जैसे मुद्दों को विस्तार दिया जाएगा।बीजेपी के लीडर मानते हैं कि जमीनी स्तर पर बीजेपी के लिए चुनाव का माहौल अनुकूल है लेकिन और धार देने की जरूरत है। विरोधी दलों के नैरेटिव को ध्वस्त कर आगे बढ़ना है ताकि फतह सुनिश्चित हो सके।

चुनाव आयोग के डाटाबेस में धर्म या राजनीति से जुड़े आंकड़े होते ही नही

लखनऊ, संवाददाता। यूपी में हिंदू वोट कटने के सवाल पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने साफ साफ कहा,चुनाव आयोग के डेटाबेस में धर्म या राजनीति से जुड़े आंकड़े होते ही नही। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी से जब प्रदेश में हिंदू वोटर्स के नाम कटने के दावे से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने साफ तौर पर यह कहा कि उनके डेटाबेस में धर्म या राजनीति से जुड़े आंकड़े नहीं होते। बता दें कि यूपी में 1 करोड़ 27 लाख हिंदू वोट कटने का दावा सीएम योगी आदित्यनाथ की तरफ से किया गया था। इसको लेकर नवदीप रिणवा ने आगे कहा कि मेरे हिसाब से टेक्नोलॉजी से यह पॉसिबल है पीडीएफ को कंवर्ट करें और डेटाबेस बनाकर उसका एनालिसिस करें। उन्होंने कहा कि मार्केट में कई एप और सॉफ्टवेयर हैं जो सेग्रीगेशन देते हैं।

पंचायत प्रतिनिधियों ने मंत्री का घर घेरा, पुलिस के साथ धक्का–मुक्की

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर लखनऊ में मंगलवार को पंचायत अधिकार संघ ने प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। नाराज प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के आवास पर मिठाई के डिब्बे भी फेंके। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो धक्का–मुक्की और नोकझोंक शुरू हो गई। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारी गांव की सरकार नहीं तो विधानसभा की सरकार नहीं और पंचायत चुनाव जल्द करवाओ जैसे नारे लगा रहे थे। उनका कहना था कि पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव की तारीख घोषित नहीं की जा रही है। इससे गांवों में विकास कार्य और



स्थानीय समस्याओं के समाधान पर असर पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधि आनंद कुमार ने कहा कि 26 मई 2026 को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके बाद सरकार ने छह महीने का कार्यकाल बढ़ाया था। यह अवधि भी जल्द पूरी होने वाली है। इसके बावजूद पंचायत चुनाव की तारीख घोषित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के भाग–9 के अनुच्छेद 243–ई और 243–के में पंचायतों के नियमित और समयबद्ध चुनाव का प्रावधान है। इसके बावजूद चुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। करीब 13 करोड़ ग्रामीण जनता और आठ लाख संभावित प्रत्याशी चुनाव की तारीख का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने लिखित आश्वासन नहीं दिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में जल्द से जल्द त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की ओर से पंचायतों का कार्यकाल दोबारा बढ़ाए जाने की आशंका पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि छह महीने का विस्तार पहले ही दिया जा चुका है। अब फिर से कार्यकाल बढ़ाने की कोशिश की गई तो इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। चुनाव में देरी से गांवों की सरकार का कामकाज प्रभावित हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी बताते हुए जल्द चुनाव कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप था कि 12 जून 2026 से लगातार प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। न तो चुनाव की तारीख घोषित की गई और न ही उनकी समस्याओं का समाधान हुआ। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उसके बाद प्रदेश में करीब आठ लाख प्रत्याशी चुनाव की तैयारी में जुट गए, लेकिन अब चुनाव को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव की तारीख घोषित नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

68,500 शिक्षक अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री के आवास का किया घेराव

लखनऊ, संवाददाता। 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती–2018 में हुई कथित आरक्षण विसंगति को दूर कर न्याय दिए जाने की मांग को लेकर पिछले 78 दिनों से लगातार आंदोलनरत अभ्यर्थियों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। सुबह करीब 11 बजे प्रदेश के विभिन्न जिलों से राजधानी पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल के आवास पर पहुंचकर जोरदार धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने आवास के बाहर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और अपनी लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने 'आशीष भैया बाहर आओ, पिछड़ों की हालत देख कर जाओ, आशीष भैया अपना वादा निभाओ', 'हक हमारा, आरक्षण हमारा' और 'आरक्षण लेकर रहेंगे' जैसे गगनभेदी नारे लगाए। अभ्यर्थियों का आरोप है कि 68,500 शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के साथ गंभीर आरक्षण विसंगति हुई है। इस प्रकरण पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग तथा विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति ने स्पष्ट आदेश दिया है कि ओबीसी अभ्यर्थियों को आरक्षित श्रेणी में शामिल करते हुए परिणाम संशोधित कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए और विसंगति के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बावजूद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह ने बताया कि लगभग 10 दिन पहले भी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री आशीष पटेल से मुलाकात की थी, जिस पर उन्होंने दीपावली तक सकारात्मक परिणाम सामने आने का आश्वासन दिया था। हालांकि, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई शासनादेश जारी नहीं हुआ है। आंदोलन के सह–नेतृत्वकर्ता आशुतोष वर्मा ने कहा कि 10 सितंबर को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरक्षण विसंगति का मामला स्वीकार किया गया था और इसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री या कैबिनेट स्तर पर निर्णय होना है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धरना प्रभारी नवीन चौधरी ने कहा कि अभ्यर्थी 78 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं और इसी उम्मीद में दीपावली, भैयादूज तथा छठ जैसे प्रमुख त्योहार भी धरना स्थल पर ही मनाने को मजबूर हुए। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इस दौरान मंत्री के आवास पर मौजूद कार्यालय प्रभारी ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को बताया कि कैबिनेट मंत्री फिलहाल लखनऊ से बाहर हैं और उनके राजधानी लौटने पर 68,500 शिक्षक भर्ती के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कराकर मामले के समाधान का प्रयास किया जाएगा। इसके पश्चात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझा–बुझाकर अभ्यर्थियों को बसों में बैठाया और वापस धरना स्थल इको गार्डन भेज दिया। इस प्रदर्शन में रंजना जायसवाल, विनोद प्रजापति, सुमन यादव, कृपा शंकर, अजय मावी, पूनम, त्रिलोकी गुप्ता, नवीन रूहेला, अनस, सच्चिदानंद, राम प्रवेश, शिवकुमार और आरिफ शेख सहित सैकड़ों अभ्यर्थी शामिल रहे।

यूपी में बढ़े करीब 19 लाख वोटर,मतदाताओं की संख्या पहुंची 13.58 करोड़-रिणवा

अब भी ढाई करोड़ से ज्यादा वोटरों का नाम नदारद

लखनऊ, संवाददाता। यूपी चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटे निर्वाचन आयोग ने बताया है कि सात महीने तक चली प्रक्रिया के बाद यूपी में करीब 19 लाख वोटर बढ़ गए हैं।मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण यानि एसएसआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची मंगलवार को जारी कर दी गई। एसआईआर से अब तक यानि सात महीने में करीब 19 लाख मतदाताओं का नाम सूची में जुड़ा है।पूरे प्रदेश में अब वोटरों की संख्या 13.59 करोड़ हो गई है। यूपी निर्वाचन आयोग ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी है। इसमें 13 करोड़ 58 लाख 68 हजार 905 वोटरों का नाम दर्ज है।मीडिया से मुखातिब मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अप्रैल 2026 में मतदाताओं का आंकड़ा 13.39 करोड़ था जो अब बढ़ गया है। इस साल 10 अप्रैल की अंतिम सूची के मुकाबले वोटरों की संख्या में 18.84 लाख की बढ़ोत्त्तरी हुई है।यूपी सीईओ ने बताया कि डाफ्ट सूची में सात करोड़ 38 लाख 58 हजार 510 पुरुष और करोड़ 20 लाख 6 हजार 33 मतदाताओं का नाम शामिल है। 18 से 19 आयुवर्ग वाले 11.83 लाख वोटरों का नाम सूची में बढ़ा है।हालांकि जनसंख्या के अनुपात में अब भी 2.58 करोड़ वोटरों का नाम मतदाता सूची से गायब हैं। ऐसे में नाम जोड़ने का अभियान अगले एक महीने तक चलता रहेगा। सीईओ नवदीप रिणवा द्वारा आंकड़े जारी करने के साथ ही यह भी कहा कि अंतिम वोटर सूची जारी होने के बाद भी नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी रहेगी।नवदीप रिणवा ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद अब एक महीने तक दावे और आपत्तियों पर विचार किए जाएंगे।

संक्षिप्त

छात्राओं को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया

लखनऊ, संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. (मेजर) मनमीत कौर सोढ़ी तथा प्रवक्ता डॉ. क्षमा तिवारी के नेतृत्व में छात्राओं को विपुल खंड, गोमती नगर स्थित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के शैक्षणिक केंद्र के पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र जाटव तथा वरिष्ठ सलाहकार डॉ. जयशंकर सिंह ने छात्राओं को केंद्र की अकादमिक गतिविधियों एवं पुस्तकालय की समृद्ध संग्रह–व्यवस्था से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि केंद्र के पुस्तकालय में दर्शनशास्त्र की उत्कृष्ट पुस्तकों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। यहां लगभग 42,000 से अधिक पुस्तकें एवं शोध पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने विभिन्न पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं का अध्ययन किया तथा दर्शनशास्त्र के विविध विषयों पर हो रहे शोध कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अनुभव से उन्हें उच्च स्तरीय अकादमिक अध्ययन एवं शोध की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। ये शैक्षणिक भ्रमण आगामी 19 नवंबर को आयोजित होने वाले विश्व दर्शन दिवस के उपलक्ष में कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के अनुसार इस दिवस का उद्देश्य दार्शनिक विरासत को साझा करने के लिए विश्व के सभी लोगों को प्रोत्साहित करना तथा बुद्धिजीवियों एवं सभ्य समाज को सामाजिक चुनौतियों से लड़ने के लिए विचार विमर्श को प्रेरित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महिलाओं की भागीदारी में इजाफा,कम दिख रही 18 और 19 वर्ष की संख्या

लखनऊ, संवाददाता। यदि आंकड़ों के तुलनात्मक विश्लेषण करें तो स्थिति साफ है। 10 अप्रैल को जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर की अंतिम सूची में 13.39 करोड़ वोटर थे, जो पिछले सात महीनों में बढ़कर 13.58 करोड़ हो गए हैं। इस अवधि में कुल 19 लाख नए मतदाता जुड़े हैं। राहत की बात यह है कि पुरुषों 7.87 लाख की वृद्धि की तुलना में महिला मतदाताओं 10.96 लाख की वृद्धि की संख्या अधिक बढ़ी है। इसके परिणामस्वरूप राज्य का जेंडर रेशियो 834 से बढ़कर 840 और ईपिक रेशियो 55.17 से बढ़कर 55.95 हो गया है।सीईओ ने बताया कि 18 और 19 वर्ष की संख्या इसलिए इतनी कम दिख रही है क्योंकि पहले जो 18 साल के थे अब वह 19 और जो 19 साल के थे वह 20 साल के हो गए हैं। जब चार जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची आएगी तो एक जनवरी 2027 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले मतदाता बढ़ेगे और इसकी भरपाई होगी। तब जो अभी 17 साल के हैं तो वह बढ़ जाएंगे। ऐसे में 18 से 19 वर्ष वाले जो अभी 72.63 लाख कम दिख रहे हैं उनकी भरपाई हो जाएगी। फर्स्ट टाइम वोटरों को जोड़ने को अभियान चलेगा।

नाम जुड़वाने और संशोधन का कार्यक्रम

लखनऊ, संवाददाता। निर्वाचन आयोग ने छूटे हुए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दावे और आपत्तियां आज मंगलवार 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलती रहेगी। 28 दिसंबर को निस्तारण की अंतिम तिथि है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। ऐसे लोग जो भारत के नागरिक हैं लेकिन वह दूसरे देश में रहते हैं तो वह फॉर्म–6 की जगह फॉर्म 6 ए ही भरें। क्योंकि विदेश में रहने वाले लोगों को एपिक कार्ड जारी नहीं किया जाता। वह पासपोर्ट दिखाकर वोट डालते हैं। उनका नाम मतदाता सूची में भी अलग कालम में लिखा होता है। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने वाले किसी वोटर का फॉर्म 6 भरा गया होगा तो भरने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के तहत करवाई की जाएगी।

अनियंत्रित होकर पलटी स्विफ्ट कार, दो घायल

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को आईआईएम रोड पर एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। जानकारी के मुताबिक, स्विफ्ट कार दुबग्गा से भिटौली की ओर जा रही थी। कार जब यादव चौराहे पर डेंटल कॉलेज के पास पहुंची, तभी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार चालक समेत दो लोग घायल हो गए। कार पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर मड़ियांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आलोक राव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें आईआईएम रोड स्थित डेंटल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती चालक की हालत ठीक बताई जा रही है। दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर किनारे कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। थाना प्रभारी आलोक राव के मुताबिक, कार अनियंत्रित होकर क्यों पलटी, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

देवदूत वानर सेना का लखनऊ में 22 नवंबर को महासम्मेलन

लखनऊ, संवाददाता। जरूरतमंदों की मदद के लिए देशभर में सक्रिय देवदूत वानर सेना के सदस्य 22 नवंबर को लखनऊ में जुटेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में संस्था की ओर से महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के अलग–अलग राज्यों से करीब 10 हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है। सम्मेलन में सेवा कार्यों में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। हजरतगंज स्थित यूपी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री विवेक सिंह तन्हा ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से अभियान शुरू किया गया था। सोशल मीडिया के जरिए मानवता और सहयोग का संदेश फैलाया गया। धीरे–धीरे देशभर से लाखों लोग इस मुहिम से जुड़ गए।

एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण, ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहे बीएलओ

तहसील सभागार में पदाभिहित अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश, मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क गठित करने पर जोर

मो.फिरोज-प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारु ढंग से संपनन् कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उपजिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद सिंह ने तहसील सभागार में पदाभिहित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने बूथों पर हेल्प डेस्क गठित कर निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने निर्देशित किया कि सभी पदाभिहित अधिकारी 17 नवंबर 2026 की ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने निर्धारित बूथों पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को मतदाताओं के फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 भरवाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे, ताकि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र अथवा मृत मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता सूची में संशोधन संबंधी कार्यवाही नियमानुसार पूरी की जा सके।

बैठक के बाद एसडीएम कोरांव ने क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ की उपस्थिति, ड्राफ्ट मतदाता सूची की उपलब्धता और मतदाताओं के अवलोकन की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिया कि बीएलओ निर्धारित समय तक बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को सूची का अवलोकन कराएं तथा नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र भरने में सहयोग करें।

एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।

कुशीनगरः पुलिस लाइन में विकास कार्यों का उद्घाटन, ग्राम प्रहरियों को मिली जैकेट, थानों को मिले ड्रोन कैमरे



प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र श्री एस. चनन्प्पा एवं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन, कुशीनगर में विभिनन् नवनिर्मित स्थलों का उद्घाटन किया गया।इस दौरान आरटीसी क्लासरूम, बैडमिंटन कोर्ट, रंगमंच स्थल और आरसीसी मार्ग का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन के निर्माणाधीन भवनों, आवासीय परिसरों, बैरकों, पार्कों, पुलिस मेस, मेंस पार्लर एवं ब्यूटी पार्लर का निरीक्षण/भ्रमण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ग्राम प्रहरी सभा एवं जैकेट वितरणङ

निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन कुशीनगर में 'ग्राम प्रहरी सभा' का आयोजन किया गया। इस सभा में समस्त थानों से आए चौकीदारों की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधीनस्थों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम प्रहरियों को ठंड के मौसम व उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जैकेटों का वितरण किया गया।

अपराध गोष्ठी एवं थानों को ड्रोन कैमरों का वितरणङ

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की गहन समीक्षा की गई।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कमिर्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों को ड्रोन कैमरे वितरित किए गए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को चलेगा विशेष अभियान

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार अन्हता तिथि 01.01.2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन आज दिनांक 17.11.2026 को जनपद में अवस्थित 1752 मतदेय स्थलों पर करा दिया गया है।

निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामों को अपमार्जन किए जाने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नामों की प्रविष्टियों को शुद्ध करने एवं एक ही निर्वाचन क्षेत्र में स्थान परिवर्तन करने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में चार विशेष अभियान की तिथियां यथा- दिनांक 21-11-2026 (शनिवार), दिनांक 22-11-2026 (रविवार), दिनांक 28-11-2026 (शनिवार) तथा दिनांक 29-11-2026 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों/पदाभिहित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर दावे/आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

अतः ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01-01-2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक की हो गई है और वे अभी भी मतदाता नहीं बने हैं, के नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किए जाने हेतु फार्म-6, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामों को अपमार्जन किए जाने हेतु फार्म-7, मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने हेतु फार्म-8 जो समुचित हो, वे विशेष अभियान की तिथियां यथा दिनांक 21-11-2026 (शनिवार), दिनांक 22-11-2026 (रविवार), दिनांक 28-11-2026 (शनिवार) तथा दिनांक 29-11-2026 (रविवार) को अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारियों/पदाभिहित अधिकारियों के पास उक्त फार्म जमा कर सकते हैं।उपरोक्त सभी फार्म बूथ लेवल अधिकारी से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर निर्वाचक नामावली, पर्याप्त फार्म आदि के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त के अतिरिक्त आयोग के ऐप ण्ंिघ्ऊं स्दंर्ग्त ज्ज एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील है कि अपने कार्यकर्ता/बूथ लेवल एजेन्ट के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, मृतक, शिफ्टेड, अशुद्ध प्रविष्टि को शुद्ध करायें, डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम अपमार्जन कराने तथा मतदाता सूची में दर्ज कराये जाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस का विशेष अभियान, ट्रक चालकों को किया गया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर : जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा ट्रक चालकों के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में आयोजित इस अभियान का संचालन क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने ट्रक चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग से बचने और निर्धारित लेन का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। इसके साथ ही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने चालकों को लंबी दूरी की यात्रा के दौरान थकान से बचने के लिए पर्याप्त विश्राम करने, सफर से पहले वाहन के ब्रेक, टायर, लाइट और इंडिकेटर की नियमित जांच कराने तथा विशेष रूप से रात्रि के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी। अंत में सभी ट्रक चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं सुरक्षित रहने और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।



दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान, 80 छात्रों को मिले निःशुल्क स्कूल बैग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगरः पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गौरा बाजार में गिफ्ट एबल्ड फाउंडेशन के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) करुणापति त्रिपाठी की मौजूदगी में कुल 80 दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गिफ्ट एबल्ड फाउंडेशन के प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में संपनन् हुए इस आयोजन में पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गौरा बाजार के 60 तथा आसपास के अन्य विद्यालयों के 20 दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक संसाधन के रूप में यह बैग प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि करुणापति त्रिपाठी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को मिलने वाला इस प्रकार का सहयोग उनका आत्मविश्वास मजबूत करता है और उनकी रचनात्मक क्षमता व पठन-पाठन कौशल के विकास में सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार सिंह, सुमित पाण्डेय, वेद प्रकाश, उमाशंकर साहनी, प्रेमलता, इमामुद्दीन, प्रदीप कुमार पाठक, जितेंद्र कुमार और सतीश कुमार का विशेष योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार रथ को किया रवाना

दिलाई सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम मे शामिल लोगो से शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को रोकने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 से 30 नवम्बर, 2026 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) पवन कुमार ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश जनहानि यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, लापरवाही तथा सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण होती है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बहुमूल्य जीवन को बचा सकती है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा यातायात संकेतों एवं नियमों का पूरी तरह पालन करें। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दें।प्रचार रथ के माध्यम से जनपद के विभिनन् क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, परिवहन निगम एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार गुप्त, सहायक अभियंता पीडब्लूयूडी राहुल सोनी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर.डी. कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित विभिनन् विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

राम भक्त अशोक सिंघल सनातन संस्कृति के प्रेरणा पुंज योद्धाः महापौर

प्रेरणा पार्क में भाजपाइयों ने राम भक्त अशोक सिंघल जी को दी श्रद्धांजलि

प्रेरणा पार्क कीडगंज में महापौर गणेश केसरवानी की अगुवाई में भाजपाइयों ने राम भक्त अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महापौर ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ अशोक सिंहल जी ने अपना जीवन भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और धार्मिक चेतना के विस्तार के लिए समर्पित कर दिया। विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से उन्होंने देशभर के संतों, महात्माओं और रामभक्तों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। वास्तव में पूज्य अशोक सिंघल जी सनातन संस्कृति के प्रेरणा पुंज योद्धा थे और हमेशा रहेंगे उनका ध्येयनिष्ठ जीवन, अदम्य इच्छाशक्ति और रामकाज के प्रति अटूट समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

संचालन महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद मोदी ने किया संयोजक पार्षद रूद्र सेन जायसवाल रहें।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विस्तारक धीरज गुप्ता, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर, पदुम जायसवाल, राजेश केसरवानी

विवेक अग्रवाल ,पार्षद मुकेश कसेरा पार्षद श्याम चंद्र हेला,रुद्रसेन जायसवाल, पार्षद बब्बन प्रजापति, आलोक शुक्ला,मनोज मिश्रा, अजय अग्रहरि , नरेंद्र जायसवाल, अंकुश शर्मा, अनिल पांडे, अनिल साहू, अरुण निषाद, आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

टोल फ्री नंबर 1950 एवं 05564-1950 के माध्यम से मतदाताओं को मिलेगी निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं सहायता

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। मतदाताओं की जिज्ञासाओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने आज निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस सेंटर के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता अपनी निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1950 तथा 05564-1950 पर संपर्क कर सकते हैं। सेंटर के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम एवं विवरण में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिनन् जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त होने वाली कॉल, शिकायतों एवं जिज्ञासाओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही सेंटर के टोल फ्री नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक मतदाता इस सुविधा का लाभ उठा सकें।उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सुविधा, सहभागिता एवं जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर के माध्यम से मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) पवन कुमार, उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित निर्वाचन कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खड़ी बस में टैंकर ने मारी टक्कर, पलटा टैंकर स्कूटी पर गिरा, दो यात्री घायल

पाम ऑयल से भरा टैंकर सड़क पर पलटने से मची अफरातफरी, आधे घंटे तक हाईवे पर यातायात रहा बंद

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इटावा-कानपुर हाईवे पर बाबरपुर कस्बा के पास भट्ठा रोड के सामने तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क किनारे खड़ी ट्रैवल्स बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पाम ऑयल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इसी दौरान बस से उतारी जा रही स्कूटी टैंकर के नीचे दब गई। हादसे में बस सवार दो यात्री घायल हो गए, जबकि बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुए हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों में अफरातफरी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आए टैंकर की टक्कर के बाद कुछ ही पलों में पूरा घटनाक्रम बदल गया। बस क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे खड़ी रह गई, जबकि टैंकर पलटकर सड़क पर पाम ऑयल फैल गया। उसके नीचे स्कूटी दब जाने से मौके पर मौजूद लोग भी सकते में आ गए। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र सिंह परिहार और कोतवाली प्रभारी विजय बहादुर वर्मा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया। घायलों की पहचान कानपुर देहात के मूसानगर निवासी प्रियांशु (24) पुत्र जयंत और कौशांबी निवासी रंजीत (24) पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई। डॉक्टर ने दोनों की हालत चिंताजनक देख प्रियांशु को मेडिकल कॉलेज चिचैली व रंजीत को सैफई रेफर कर दिया।

बस चालक सत्यम निवासी महेवा, इटावा ने बताया कि वह अहमदाबाद से यात्रियों को लेकर कानपुर जा रहा था। बाबरपुर के भट्ठा रोड के सामने बस में रखी स्कूटी उतारी जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए टैंकर ने बस में टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लगभग आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। अनंतराम टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम ने जेसीबी और क्रेन की मदद से बस व टैंकर को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। कोतवाली प्रभारी विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। बस और टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है। बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। टैंकर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जबकि बस चालक से पूछताछ की जा रही है।

ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर शुरू हुआ विवाद, सात फेरों से पहले बेरंग लौटी बारात

दुल्हन की मां ने सोने की चेन और 50 हजार रुपये अतिरिक्त मांगने का लगाया आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे में शादी समारोह के दौरान ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि सात फेरों से पहले ही दूल्हा बारात लेकर वापस लौट गया। दुल्हन पक्ष ने वर पक्ष पर अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची यूपी-112 पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इस्लाम नगर निवासी दिनेश कुमार की 22 वर्षीय बेटी प्रीति उर्फ पारुल का विवाह भीखेपुर के लक्ष्मण की मड़ैया निवासी स्वर्गीय पुत्तू के 24 वर्षीय बेटे विकास के साथ तय हुआ था। 15 नवंबर को बाबरपुर पेट्रोल पंप के पास स्थित शिवधाम गेस्ट हाउस में विवाह समारोह आयोजित किया गया था। दुल्हन की मां प्रेमलता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी का विवाह 28 अक्टूबर 2026 को ककोर मुख्यालय में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकास के साथ हो चुका था। दोनों पक्षों की सहमति से 14 नवंबर को लगुन और 15 नवंबर को विवाह समारोह आयोजित करने का निणय्र लिया गया था। प्रेमलता के मुताबिक, लगुन समारोह के दौरान वर पक्ष को करीब ढाई लाख रुपये कीमत की बाइक दी गई थी। आरोप है कि विवाह समारोह के दौरान वर पक्ष ने सोने की चेन और 50 हजार रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर दी। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर वर पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया और बारात लेकर वापस लौट गया। इससे विवाह समारोह में अफरा-तफरी मच गई।

कोतवाली प्रभारी विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि लड़की पक्ष की ओर से शिकायत दी गई है। शादी का प्रमाणपत्र मंगाया गया है। यदि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पहले ही शादी हो चुकी है तो दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।



तीन दिन से लापता युवक का नहर पटरी पर झाड़ियों में मिला शव, गले पर मिले फंदे के निशान

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब नहर किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने की सूचना फैली। मृतक युवक के चेहरे पर चोट के निशान और गले पर फंदे का निशान मिलने से मामला और भी संदिग्ध हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतक की पहचान बहारपुरा रोड नेविलगंज निवासी अंकित यादव (30) पुत्र अनिल यादव के रूप में हुई। मृतक के पिता अनिल यादव और बड़े भाई संजीव कुमार ने थाने पहुंचकर शव की फोटो देखकर पहचान की।परिजनों के मुताबिक अंकित शुक्रवार 13 तारीख को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे खेत पर धान की फसल देखने की बात कहकर घर से निकला था। शाम चार बजे उसकी मां उर्मिला देवी की फोन पर उससे बात हुई तो उसने बताया था कि वह तुरुकपुर के पास खेत देखने आया है। इसके करीब 45 मिनट बाद मां ने दोबारा फोन किया तो मोबाइल बंद मिला, जिससे परिजन उसकी तलाश में निकल पड़े।सोमवार को नहर रोड किनारे झाड़ियों में युवक का शव मिलने की खबर सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई। जानकारी मिलने पर परिजन थाने पहुंचे और फोटो देखकर अंकित की पहचान की। बताया गया कि पुराना अछल्दा निवासी अनुज तिवारी पुत्र ललतेश तिवारी का खेत नहर रोड किनारे स्थित है। सोमवार सुबह उनका बटाईदार उपेंद्र कुमार उर्फ छोटू खेत में पानी लगाने पहुंचा तो झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा। उसने खेत मालिक को सूचना दी। इसके बाद डायल 112 और थाना पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी जीतमल चौधरी, उपनिरीक्षक विपिन पाल, प्रदीप कुमार और मेवालाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान युवक के चेहरे पर चोट के निशान दिख रहे थे। गले पर फंदे का निशान था, जबकि कान और सिर से खून निकला हुआ था। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

इस संबंध में थाना प्रभारी जीतमल चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के बिनपुरापुर गांव में एक युवक का शव कदम के पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिनपुरापुर गांव निवासी सक्षम (22) पुत्र कृष्ण गोपाल गांव के बाहर कदम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। बताया जाता है कि युवक की बुआ के खेत में धान की कटाई चल रही थी। इसी दौरान खेत से घर लौट रहे एक रिश्तेदार की नजर पेड़ पर लटके युवक पर पड़ी। उसने तत्काल परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सौरभ सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

के. विजयेंद्र पांडियन ने संभाली वाराणसी मंडलायुक्त की कमान, अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। वाराणसी मंडल के नवनियुक्त मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन के पदभार ग्रहण करने पर कमिश्नरी परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी सहित मंडल एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुलिस के जवानों ने नवनियुक्त मंडलायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और मंडल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।पदभार संभालने के बाद मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई गई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

ट्रॉमा सेंटर ओयल- एक ही दिन में 8 सफल सर्जरी से स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई रफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। मिनी ट्रॉमा सेंटर बेहजम रोड ओयल के चिकित्सकों ने बेहतरीन कार्यकुशलता का परिचय देते हुए एक ही दिन में 8 सफल सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ट्रॉमा सेंटर में एक्स-रे मशीन और अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होते ही सर्जरी की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे गंभीर और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही तत्काल एवं बेहतर उपचार मिलने लगा है। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हरिराम वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि मोहन गुप्ता के विशेष प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उनके द्वारा लगातार ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं जो आज मरीजों की बेहतर सेवा के रूप में दिख रहे है। ऑर्थोपेडिक मामलों से जुड़ी एक ही दिन में हुई सर्जरी में गुद्दी बानो के बाएं पैर के घुटने के नीचे की हड्डी, विकास कुमार के दाहिने पैर व कॉलर बोन, रामू सिंह के बाएं पैर की पटेला बोन व फिक्सटर, तथा शिवा मिश्रा के हाथ की उंगली व पैर की हड्डी का के-वायर द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। इस पूरी जटिल चिकित्सीय प्रक्रिया में डॉ. एस.पी. सिंह के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ, ओटी टेकनीशियन, एक्स-रे तकनीशियन और अन्य सभी संबंधित स्टाफ का महत्वपूर्ण व सराहनीय सहयोग रहा, जिनके सामूहिक प्रयासों और सीएमओ व एसीएमओ सर के कुशल मार्गदर्शन से यह सफलता पूरी तरह सुनिश्चित हो सकी। इस टीम में मिनी ट्रॉमा सेंटर के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हरिराम वर्मा, डॉ. फैसल अहमद, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. शशांक मोहन, एनेस्थेटिक डॉ. जयराम, ईएमओ डॉ. अमन अंसारी और डॉ. एसपी सिंह की कुशल टीम ने मिलकर इन सभी जटिल मामलों का सफलतापूर्वक संचालन किया।



लघु-मध्यम समाचार पत्रों पर जीएसटी का बोझ खत्म करने की पहल, प्रेस परिषद के सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्ष को लिखा पत्र

न्यूज़प्रिंट, कागज, स्याही और प्रिंटिंग सामग्री को जीएसटी मुक्त करने की मांग; जीएसटी काउंसिल को पत्र लिखकर राहत के लिए पहल करने का किया आग्रह

प्रातः काल एक्सप्रेस

नई दिल्ली/लखनऊ। देश के लघु-मध्यम समाचार पत्रों की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति और बढ़ती प्रकाशन लागत का मुद्दा अब भारतीय प्रेस परिषद के स्तर पर उठाया गया है। भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी ने परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर छोटे एवं मध्यम समाचार पत्रों पर पड़ रहे जीएसटी के आर्थिक बोझ से राहत दिलाने के लिए महत्वपूर्ण पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि वे इस विषय में वस्तु एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी काउंसिल) को पत्र लिखकर न्यूज़प्रिंट और समाचार पत्रों की छपाई में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक सामग्री को जीएसटी से मुक्त करने अथवा विशेष कर राहत देने के प्रस्ताव पर विचार करने की अनुशंसा करें। त्रिपाठी ने अपने पत्र में कहा है कि समाचार पत्रों की बिक्री पर जीएसटी की शून्य दर लागू होने के बावजूद अखबारों के प्रकाशन में इस्तेमाल होने वाले न्यूज़प्रिंट, कागज, स्याही, प्रिंटिंग प्लेट और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद पर प्रकाशकों को जीएसटी चुकाना पड़ता है। समाचार पत्रों की आपूर्ति से जुड़ी इनपुट टैक्स क्रेडिट की वैधानिक सीमाओं के कारण इस कर का आर्थिक बोझ अंततः प्रकाशकों पर पड़ता है। छोटे और मध्यम समाचार पत्रों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से कठिन है, क्योंकि वे सीमित पूंजी और सीमित विज्ञापन संसाधनों के सहारे अपना प्रकाशन जारी रखते हैं।

अखबार की बिक्री पर जीएसटी नहीं, फिर छपाई की सामग्री पर बोझ क्यों?

पत्र में एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है कि जब समाचार पत्र प्रकाशक पाठकों से अखबार की बिक्री पर अलग से जीएसटी नहीं वसूलते, तो अखबार तैयार करने के लिए खरीदी जाने वाली आवश्यक सामग्री पर चुकाए गए कर का पूरा आर्थिक भार प्रकाशक ही क्यों उठाए?

त्रिपाठी के मुताबिक, बड़े मीडिया समूहों की तुलना में छोटे और मध्यम समाचार पत्रों के पास पूंजी, विज्ञापन और आय के सीमित स्रोत होते हैं। कागज की बढ़ती कीमतें, छपाई, वितरण, कर्मचारियों के वेतन और अन्य संचालन खर्च पहले ही उनके लिए चुनौती बने हुए हैं। ऐसे में प्रकाशन सामग्री पर लगने वाला जीएसटी उनकी आर्थिक मुश्किलों को और बढ़ा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में इस बात पर भी जोर दिया है कि छोटे समाचार पत्र केवल व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र में आम नागरिक की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और छोटे शहरों में स्थानीय समस्याओं, सरकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं को सामने लाने में इन समाचार पत्रों की अहम भूमिका है।

छह महत्वपूर्ण सुझावों पर जीएसटी काउंसिल से विचार करने का आग्रह

अरुण कुमार त्रिपाठी ने भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि वे जीएसटी काउंसिल के समक्ष निम्नलिखित



सुझाव रखें-

- समाचार पत्रों में इस्तेमाल होने वाले न्यूज़प्रिंट और कागज को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त किया जाए।

- स्याही, प्रिंटिंग प्लेट और अन्य आवश्यक मुद्रण सामग्री पर जीएसटी समाप्त करने अथवा रियायती दर लागू करने पर विचार हो।

- प्रकाशन सामग्री पर चुकाए गए जीएसटी के लिए विशेष इनपुट टैक्स क्रेडिट अथवा रिफंड की व्यवस्था बनाई जाए।

- प्रसार संख्या और अन्य वस्तुनिष्ठ मानकों के आधार पर छोटे एवं मध्यम समाचार पत्रों के लिए अलग कर राहत नीति लागू हो।

- स्थायी समाधान होने तक छोटे प्रकाशकों को अंतरिम कर राहत दी जाए।

- समाचार पत्र उद्योग पर जीएसटी के वास्तविक आर्थिक प्रभाव का अध्ययन कराने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की जाए।

त्रिपाठी ने अपने पत्र में आगाह किया है कि आर्थिक दबाव के कारण यदि छोटे और मध्यम समाचार पत्रों का प्रकाशन बंद होता है या उनकी प्रसार क्षमता प्रभावित होती है, तो इसका नुकसान केवल प्रकाशकों और पत्रकारों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका सीधा असर उन क्षेत्रों की जनता पर पड़ेगा, जहां स्थानीय समाचार पत्र ही आम लोगों की समस्याओं और उनकी आवाज को प्रमुखता से उठाते हैं।

उन्होंने अध्यक्ष से आग्रह किया है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जीएसटी काउंसिल और वित्त मंत्रालय के समक्ष उठाया जाए तथा छोटे एवं मध्यम समाचार पत्रों की वास्तविक आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर राहत देने की पहल की जाए। त्रिपाठी की इस पहल ने एक अहम सवाल खड़ा किया है कि जब समाचार पत्र लोकतंत्र में जनहित और जनजागरण की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, तो उनकी छपाई में इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्री पर कर का ऐसा बोझ क्यों हो, जो छोटे प्रकाशकों के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दे? अब देखना होगा कि भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष इस मांग पर क्या पहल करती हैं और जीएसटी काउंसिल तक यह मुद्दा किस रूप में पहुंचता है।

शोक जताने पहुंचीं पल्लवी पटेल, 2027 पर बड़ा ऐलान - एक बैनर के नीचे लड़ेंगे सभी विपक्षी दल

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। अपना दल (कमेरावादी) की शीर्ष नेता और सिराथू विधायक पल्लवी पटेल फाफामऊ विधानसभा के थाना नवाबगंज कौड़िहार क्षेत्र में पार्टी के पुराने कार्यकर्ता मोइनुद्दीन उर्फ मुल्लाजी के आवास पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में 2027 के चुनाव को लेकर बड़ी बातें कहीं। पल्लवी पटेल ने कहा, देश की राजनीति में ध्रुवीकरण का गेम है, दो पार्टी में बटकर चुनावी लड़ाई चल रही है। यूपी सिर्फ जनसंख्या और सीटों के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहीं से दिल्ली का रास्ता और दिल्ली की गद्दी का रास्ता सशक्त होता है। 2027 का यूपी चुनाव बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से बहुत अलग होगा। उन्होंने कहा, इस बार चुनाव गठबंधन के दायरे में होगा। अपना दल हो या तमाम विपक्षी पार्टियां जो भाजपा की निरंकुश सरकार को सत्ता से हटाना चाहती हैं, वो सभी एक साथ आकर एक बैनर के नीचे लड़ाई लड़ेंगी।

केशव प्रसाद मौर्य को लेकर पूछे गए सवाल पर पल्लवी पटेल ने कहा, राजनीतिक कद जनता बनाती है। महज 12 दिन में सिराथू की जनता ने 2022 में हमारे सिर पर ताज बांधा था, तो मेरा दायित्व बनता है कि पुनः सिराथू के बीच में ही नुमाइंदगी करूं और जनता के बीच अपना आंकलन करने का मौका रखूं। उन्होंने कहा, अपना दल इस बार यूपी की 403 में से लगभग 60 सीटों पर पिछले साढ़े तीन साल से लगातार तैयारी कर रहा है। गठबंधन में सीटें ऊपर-नीचे हो सकती है, वो पर्दा जल्द खुलेगा और आंकड़े सामने आएंगे। पल्लवी पटेल ने कहा, जनता को हर क्षेत्र में काम चाहिए। युवा को रोजगार चाहिए, छात्र को शिक्षा चाहिए, महिला को सुरक्षा चाहिए और किसान को खाद, पानी, बीज, भंडारण और अपनी फसल का दाम चाहिए। इन्हीं मुद्दों को लेकर चुनाव होगा और इन तमाम मुद्दों पर भाजपा की वर्तमान सरकार पूर्णतया विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा, इस बार के मुद्दे होंगे - रोजगार, जातिगत जनगणना, किसानों की सरकार है कि नहीं, और महिला सुरक्षा।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटी 'हम' पार्टी, गांव-गांव चौपाल लगाकर सुनेगी जनता की समस्याएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रघु मिश्रा ने वाराणसी स्थित प्रदेश कार्यालय से मिशन 2027 और ग्रामीण चौपाल अभियान का शुभारंभ करते हुए 125 विधानसभा सीटों पर संगठन विस्तार का लक्ष्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी गरीबों, महादलितों, शोषितों और वंचितों के साथ स्वर्ण समाज के अधिकारों एवं सम्मान की लड़ाई लड़ेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के मार्गदर्शन में एनडीए को मजबूत करने का काम किया जाएगा। ग्रामीण चौपाल के माध्यम से पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, बिजली बिल, रोजगार और बैंक ऋण से जुड़ी समस्याएं सुनी जाएंगी तथा संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएंगी। जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सलाह देने के लिए प्रदेशस्तरीय अधिवक्ता टीम भी बनाई जाएगी।

रघु मिश्रा ने कहा कि पार्टी ईडब्लूएस आरक्षण और आरक्षण की न्यायसंगत समीक्षा जैसे मुद्दे भी उठाएगी। उनका लक्ष्य जनता की समस्याओं का समाधान कराना और लोगों को उनका अधिकार दिलाना है।

गोपाष्टमी पर किया गया गौ माता का पूजन, मांगा विश्व शांति का आशीर्वाद

कथा में बताए गए गौ माता पूजन के लाभ



झांसी। गोपाष्टमी पर गौ माता का पूजन किया गया। गाय मां की पूजा कर विश्व शांति बनाए रखने की कामना की गई। कथा में माता गौ की महिमा विस्तार से बताई गई।सुरभि गौशाला के पावन प्रांगण में गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्त पियूष रावत ने गौ माता की महिमा बताइ। भगवान ने स्वयं अपने मुख से बोला है कलयुग में गौ माता की भक्ति ही बैकुंठ का मार्ग दिखा सकती है और बैकुंठ ले जा सकती है। गौ माता यदि किसी का भाग्य यदि बदल सकती है तो गौ माता ही एक ऐसी शक्ति है जो सबके भाग बदल सकती है और आओ हम सब मिलकर गौ सेवा करें गोपालन करें। हम सभी गौ माता से विश्व शांति का आशीर्वाद मांगा। सुरभि गौशाला में सुबह मंगला आरती हुई। प्रातःकाल गाय माता का अभिषेक किया गया। नए परिधान धारण कराए गए। उनका श्रृंगार किया गया। गौ माता के अंग में मेहंदी, हल्दी, रंग के छापे लगाए गए दीपदान किया। धूप-दीप, अक्षत, रोली, गुड़ आदि वस्त्र तथा जल से गाय का पूजन किया गया। धूप-दीप से आरती उतारी गई। प्रसाद भोग लगाया गया। गाय की परिक्रमा भी की गई। गौकथा को कहते हुये महंत श्री अनिरुद्ध दास जी महाराज एवं पूज्य महंतश्री रसराज दास जी महाराज एवं जगतगुरु द्वाराचार्य अभिराम देवाचार्य जी महाराज एवं पंडित कृष्णकांत शास्त्री जी ने बताया कि दीपावली के बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस दिन गौ, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करने से विशेष लाभ मिलता है। गाय को माता का स्थान दिया गया है। अतः गाय को गौ माता (गौमाता) भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौ चारण लीला शुरु की थी। कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन मां यशोदा ने भगवान कृष्ण को गौ चराने के लिए जंगल भेजा था। गाय की पूजा करने से लोगों के कष्ट खत्म हो जाते हैं। मनुष्य को धर्मलाभ प्राप्त होता हैं। गौशाला में विराजे भगवान राधा-कृष्ण जू की विशेष पूजा अर्चना गोपाष्टमी पर की गई। जल्द सुबह से शुरु हुआ कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। सुरभि गौशाला के मुकेश दीक्षित ने सभी को गोपाल अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी! इस अवसर पर गौशाला के प्रमुख सहयोगी प्रिय गोविन्द दास , प्रभात शर्मा,विनोदअवस्थी ,विकास अवस्थी,अशोक गुप्ता, व्रज जन दामोदर बंधू दास, आदि उपस्थित रहे। संयोजक संचालन व आभार पीयूष रावत ने व्यक्त किया।

परिषदीय शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति, टीईटी से छूट और स्थानांतरण सहित कई मांगें उठाई

झाँसी। बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की जिला इकाई झाँसी ने परिषदीय शिक्षकों की विभिनन लंबित समस्याओं एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने सरकार से शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, एक अप्रैल 2005 से पूर्व चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट प्रदान करने तथा टीईटी को लेकर सवीच्च न्यायालय के आदेश के पुनर्व्यापी प्रभाव को समाप्त करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रावधान करने की मांग की गई।

इसके अलावा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों पर पदोननति, गैर-टीईटी शिक्षकों की पदोननति, वर्ष 2020 में चयनित शिक्षकों के ब्रिज कोर्स में 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक की बाध्यता समाप्त करने, विशेष श्रेणी के शिक्षकों की लंबित अंतरजनपदीय स्थानांतरण सूची जारी करने तथा 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रोनन्त वेतनमान देने की मांग उठाई गई।संगठन ने विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति, शिक्षकों को द्वितीय शनिवार का अवकाश एवं अर्जित अवकाश देने तथा शीतकालीन अवकाश में स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी कराने की मांग भी रखी।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रसकेंद्र गौतम ने कहा कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने सरकार से सभी मांगों पर सकारात्मक निणय्य लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया।

ज्ञापन की प्रतिलिपि बेसिक शिक्षा मंत्री एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को भी भेजी गई। इस दौरान महेश साहू, पवन देव त्रिपाठी, हिमांशु अवस्थी, प्रदीप झा, विपिन त्रिपाठी, रोहित निरंजन, अश्वनी नामदेव, राहुल स्वर्णकार, प्रदीप कुशवाहा, रंजीत यादव, श्रद्धा गुप्ता, अरुणा निरंजन, श्वेता, दिलीप वर्मा, मिथुन कुमार, नीरज चऊदा, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान, 40 मामले पकड़े; 40 हजार रुपये जुर्माना वसूला

झाँसी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 40 मामले पकड़े गए और उनसे 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाना, रेलवे राजस्व में वृद्धि करना तथा यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करना रहा।डीसीएम पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्य टिकट निरीक्षक (सीटीआई) मनोहर लाल मीणा, अशोक त्रिपाठी, केपी अनी, नवीन व्यास, संजय दीक्षित एवं पीएन सोनी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे उचित एवं वैध यात्रा टिकट लेकर ही रेल यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन कर सुरक्षित और सुगम यात्रा में सहयोग दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के विशेष टिकट चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

शिक्षक प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी घोषित, चार पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) ने किया संगठन का विस्तार, शिक्षक हितों और शैक्षिक उत्थान को मिलेगी प्राथमिकता

झाँसी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जनपद झाँसी में शिक्षक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी रत्न पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी की सहमति से चार पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।जारी मनोनयन के अनुसार पं. बृजेंद्र मिश्रा को जिला प्रभारी, पं. अखिलेश रावत को जिलाध्यक्ष, डॉ. राजीव द्विवेदी को महानगर अध्यक्ष तथा पं. संजय त्रिवेदी को महानगर प्रभारी, शिक्षक प्रकोष्ठ झाँसी मनोनीत किया गया है।इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के जिलाध्यक्ष पं. संजय दुबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ संगठन की एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से शिक्षकों के हितों का संरक्षण, उनकी समस्याओं का समाधान, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने अनुभव, योग्यता और संगठनात्मक क्षमता के बल पर संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हुए संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाएंगे।पं. संजय दुबे ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जी की कृपा से सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।



बृजेंद्र मिश्रा जी जिला प्रभारी झांसी (शिक्षक प्रकोष्ठ) अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा



पं. अखिलेश रावत जी जिलाध्यक्ष झांसी (शिक्षक प्रकोष्ठ) अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा

राजीव द्विवेदी जी महानगर अध्यक्ष झांसी (शिक्षक प्रकोष्ठ) अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा

पं. संजय कुमार त्रिवेदी जी महानगर प्रभारी झांसी (शिक्षक प्रकोष्ठ) अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा

जीआईसी क्रिकेट मैदान पर मिनेश प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ, रोमांचक मुकाबलों में शिवपुरी, झांसी और दतिया की टीमों ने दर्ज की जीत

16 टीमों के बीच खेला जा रहा ऑल इंडिया ओपन टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

झांसी। जीआईसी क्रिकेट मैदान पर जिले की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट लीग ऑल इंडिया ओपन मिनेश प्रीमियर लीग का 15 नवंबर से भव्य शुभारंभ हो चुका है। प्रतियोगिता में देश के विभिनन शहरों की कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इनमें दिल्ली, फिरोजाबाद, कौशांबी, नालंदा (बिहार), ग्वालियर, सागर, ललितपुर, शिवपुरी, मुरैना, दतिया सहित झांसी की कई टीमें शामिल हैं।16 नवंबर को खेले गए मुकाबलों में पहला मैच डमरौन सरकार शिवपुरी और भाया-11 झांसी के बीच हुआ। मुख्य अतिथि बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डमरौन सरकार शिवपुरी ने निर्धारित 10 ओवर में 143 रन बनाए। हर्ष ने 42 और रक्षक ने 25 रनों का योगदान दिया। जवाब में भाया-11 झांसी की पूरी टीम 63 रनों पर सिमट गई। शिवपुरी ने 80 रनों से शानदार जीत दर्ज की। रक्षक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मुकाबले में डॉक्टर कपिल-11 झांसी ने फौजी-11 झांसी को 27 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉक्टर कपिल-11 ने 10 ओवर में 115 रन बनाए। छोटू मंडोर ने 42 और विवेक राज मिश्रा ने 32 रनों की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फौजी-11 की टीम निर्धारित ओवरों में 88 रन ही बना सकी। छोटू मंडोर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



तीसरे मुकाबले में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर और द्वारकाधीश-11 झांसी आमने-सामने रहे। ग्वालियर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 89 रन बनाए। लवी संधू ने 24 रन बनाए। जवाब में द्वारकाधीश-11 झांसी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8.3 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकेश कुमार ने 47 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दिन का चौथा मुकाबला एएस एसोसिएट झांसी और शंकर-11 दतिया के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एएस एसोसिएट ने निर्धारित 10 ओवर में 109 रन बनाए। प्रभात यादव ने 41 और विवेक तिवारी ने 30 रनों का योगदान दिया। जवाब में शंकर-11 दतिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.2 ओवर में पांच विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। किशन यादव ने 34 रन बनाए। जीतू कंजर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में अंपायर की भूमिका जीतू मीणा और हंसराज मीणा ने निभाई, जबकि स्कोरर सनम, मैच रेफरी विवेक राज मिश्रा और कमेंटेटर सागर तिवारी रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य आशू यादव, हफीज खान, मंगल यादव, शिवा यादव, घनश्याम मीणा, महेंद्र मीणा, प्रेम सिंह मीणा, जयकिशन मीणा, केदार मीणा, डॉक्टर कपिल शाक्य, रोहित यादव, फैलीराम मीणा, दशरथ मीणा, सुरेश मीणा, लेखराज मीणा, रतन मीणा, सीएल मीणा, भैया राम मीणा, कालूराम मीणा, मुनेश चंद मीणा और ओमप्रकाश मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजक रामराज ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

न पद की लालसा, न सम्मान की चाहत... खामोशी से समाज के लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहे सपा नेता अर्जुन सिंह यादव

झाँसी। राजनीति में जहां आज पद, प्रतिष्ठा, मंचों पर स्थान और कैमरों में दिखाई देने की होड़ लगी रहती है, वहीं कुछ ऐसे चेहरे भी हैं जो बिना किसी पद की अपेक्षा और सम्मान की लालसा के खामोशी से समाज के बीच अपनी अलग पहचान बनाने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता अर्जुन सिंह यादव भी ऐसे ही व्यक्तित्व के रूप में सामने आते है, जिनकी राजनीति का आधार दिखावा नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े रहना है।

अर्जुन सिंह यादव की खासियत उनका सरल स्वभाव, सहज व्यवहार और लोगों के बीच बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध रहना बताया जाता है। यादव समाज से आने के बावजूद वह इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि समाज में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति या राजनीतिक संबद्धता से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार और कर्मों से बनती है। अतीत में कुछ लोगों के आचरण के कारण यादव समाज और समाजवादी पार्टी को लेकर आम लोगों के बीच जो नकारात्मक धारणाएं बनीं, उन्हें बदलने की जरूरत भी वह महसूस करते हैं। उनका मानना है कि किसी एक व्यक्ति के व्यवहार को पूरे समाज की



पहचान नहीं बनाया जाना चाहिए।

समाजवादी पार्टी में अर्जुन सिंह यादव ऐसे कार्यकर्ता और नेता के रूप में अपनी भूमिका निभाते नजर आते हैं, जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ज्यादा संगठन और सामाजिक संबंधों को महत्व देते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के करीबी माने जाने के बावजूद उन्होंने कभी अपने संपर्कों का प्रदर्शन करने या बड़े पद की मांग को लेकर राजनीतिक गतिविधियां नहीं कीं। कई बड़े मंचों और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मौजूदगी के बावजूद उनकी प्राथमिकता फोटो खिंचवाना, आगे की पंक्ति में स्थान पाना या सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना नहीं रही।

उनकी कार्यशैली में एक खास बात यह भी दिखाई देती है कि वह जरूरत पड़ने पर लोगों के साथ खड़े होने को राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। उनके लिए राजनीति केवल चुनाव, भाषण और पद हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने का जरिया है। यही वजह है कि वह बिना किसी विशेष प्रचार के अपने स्तर पर लोगों से जुड़ने का प्रयास करते हैं।

अर्जुन सिंह यादव यह स्वीकार करने से भी पीछे नहीं हटते कि अतीत में पार्टी से जुड़े कुछ लोगों के व्यवहार और कार्यशैली के कारण समाजवादी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन उनका मानना है कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसके अच्छे कार्यकर्ता, आम जनता के प्रति जिम्मेदारी और जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े होने की भावना होती है। पार्टी की छवि बदलने के लिए केवल बड़े-बड़े भाषण पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यवहार में बदलाव और जनता के बीच विश्वास कायम करना जरूरी है।

आज के राजनीतिक दौर में जब कई नेता छोटी-छोटी गतिविधियों को भी प्रचार का माध्यम बना लेते हैं, ऐसे समय में अर्जुन सिंह यादव की सादगी और पद की लालसा से दूर रहने वाली कार्यशैली चर्चा का विषय है। राजनीति में हर व्यक्ति की महत्वाकांक्षा अलग हो सकती है, लेकिन बिना पद के भी संगठन और समाज के लिए सक्रिय रहना अपने आप में एक अलग पहचान रखता है।

कुल मिलाकर अर्जुन सिंह यादव की राजनीतिक सोच का संदेश साफ है कि नेता की पहचान उसके पद, काफिले या तस्वीरों से नहीं, बल्कि इस बात से होनी चाहिए कि वह आम आदमी के कितने काम आया और जरूरत के समय कितनी मजबूती से उसके साथ खड़ा रहा।

सेवा और समर्पण के साथ मनाया सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन

झाँसी-ललितपुर में जगह-जगह हुए सेवा कार्य, सीएसआर से मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल को मिले आधुनिक चिकित्सा उपकरण

झाँसी। झाँसी-ललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन मंगलवार को पूरे संसदीय क्षेत्र में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बालगृह, अनाथालय, वृद्धाश्रम, वनवासी कल्याण आश्रम और विद्यालयों में पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन, फल, वस्त्र एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की।



ललितपुर के तालबेहट स्थित शबरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं हवन-पूजन किया गया। वनवासी कल्याण आश्रम में बच्चों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। वहीं झाँसी और ललितपुर के मेडिकल कॉलेजों में मरीजों एवं तीमारदारों को भोजन और फल वितरित किए गए। वृद्धाश्रमों में भजन-कीर्तन के साथ बुजुर्गों को फल एवं मिष्ठान बांटे गए।

जन्मदिन पर सांसद ने सीएसआर के माध्यम से मेडिकल कॉलेज ललितपुर को डिजिटल पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, एबीजी मशीन, हाई फ्लो नेजल कैनुला, बीईआरए मशीन, नेबुलाइजर सहित कई आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं डेंटल चेयर समर्पित की। वहीं जिला अस्पताल झाँसी को अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन प्रदान की गई। इससे मरीजों को बेहतर जांच एवं उपचार की सुविधाएं मिल सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि सांसद अनुराग शर्मा अपने जन्मदिन पर दक्षिण भारत के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। संसद की परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में वह ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के संरक्षण और पर्यटन विकास की संभावनाओं का अध्ययन कर रहे है। इसी दौरान उन्होंने श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में प्रातःकालीन आरती में शामिल होकर दर्शन-पूजन किया। इस प्रकार संसदीय क्षेत्र में समर्थकों ने सेवा कार्यों के माध्यम से जन्मदिन मनाया, वहीं सांसद ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन जारी रखा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को आलेख्य मतदाता सूची की प्रदान



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत कर उन्हें आलेख्य मतदाता सूची प्रदान की गई। इसके उपरांत उपस्थित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान का अभ्यास कराने, ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन करने एवं मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयोजन से कुल मतदान स्थल 2990 के सापेक्ष 8 प्रतिशत ईवीएम अर्थात 239 बीयू, 239 सीयू एवं 239 वीवीपैट मशीनें एफएलसी ओके स्ट्रांग रूम से निकाल 'प्रशिक्षण एवं जागरूकता' नामक स्ट्रांग रूम में अभिरक्षित की गई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मिथुन सूर्यवंशी, बहुजन समाज पार्टी से सुनीश प्रधान, भारतीय जनता पार्टी से जिला महामंत्री विपिन चौधरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया से जिला सचिव राव दाउद खां, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष सुधांशु धनगर, समाजवादी पार्टी से जिला उपाध्यक्ष चौ. अब्दुल गफूर, अपना दल से राजकुमार पंवार उपस्थित रहे।

सहारनपुर में आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशित, 23.88 लाख मतदाता पंजीकृत

17 नवंबर से 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां, अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। आगामी विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत आलेख्य निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर को एकीकृत आलेख्य सूची प्रकाशित कर दी गई है। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का स्ट्रांगरूम भी खुलवाया। मतदाता जागरूकता एवं प्रशिक्षण के लिए मशीनों और मतदाता सूचियों का तहसीलों में मूवमेंट कराया जा रहा है।जनपद में कुल 23,88,887 मतदाता है, जिनमें 12,84,115 पुरुष, 11,04,700 महिला और 72 अन्य मतदाता शामिल है। जनपद में 1303 मतदान केन्द्र और 2990 मतदान स्थल है, जो सात विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है।



प्रमुख तिथियां:

- दावे-आपत्तियां: 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक
- विशेष अभियान: 21-22 और 28-29 नवम्बर
- निस्तारण: 28 दिसम्बर तक
- अंतिम प्रकाशन: 4 जनवरी 2027

जिलाधिकारी ने बताया कि 18 नवम्बर को सभी 2990 मतदान स्थलों पर बीएलओ आलेख्य सूची पढ़कर सुनाएंगे। पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और पात्र नागरिकों से फॉर्म-6 भरवाएंगे।

नया नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम पर आपत्ति/हटवाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन, निवास परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन पूज्://न्दूी.ाम्.ुदन्.ग्ह या ण्ंिछ्ंि ऐप से भी कर सकते है। युवा मतदाताओं और वंचित वर्गों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अपील की कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, सभी अपना नाम अवश्य जांच लें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई



सहारनपुर। पुलिस कार्यालय, सहारनपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया।जनसुनवाई के दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित नागरिकों को उनकी शिकायतों के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया तथा उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सहारनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

महिला हिंसा एवं जेंडर समानता पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। दिशा सामाजिक संगठन, सुल्तानपुर चिलकाना के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, हरीपुर में महिला हिंसा एवं जेंडर समानता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं से महिला मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनने की अपील की। संस्था के कार्यक्रम समन्वयक पी. राम ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि दिशा संस्था पिछले 45 वर्षों से वंचित एवं कमजोर वर्गों के विकास के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम समन्वयक तसनीम बानो ने गतिविधियों के माध्यम से जेंडर समानता की जानकारी दी तथा घरेलू कार्यों में समान भागीदारी और महिलाओं के सम्मान पर जोर दिया। परियोजना समन्वयक बबीता वर्मा ने महिला सुरक्षा हेल्पलाइन एवं आत्मरक्षा संबंधी जानकारी दी। सहायक समन्वयक रेखा शर्मा ने महिला हिंसा और नारी अदालत के बारे में बताया। इस अवसर पर कल्पना, प्रमिता, वंशिका, प्रिया सहित अन्य शिक्षकों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में अर्चना एवं सावित्री का विशेष सहयोग रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, महिला उत्पीड़न से बचाव तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक किया गया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिनन्‍ हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

- 1090 - वूमेन पावर लाइन - 1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन- 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा - 108- एंबुलेंस सेवा- 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन- 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन - 101 - अगिन्शमन सेवा

सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देने तथा पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।

सहारनपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। घटना का विवरण बीते 17 फरवरी 2026 को वादी सुधाशु पुत्र शरद राठोड निवासी-15/ जे0जे0 पुरम कालोनी थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. अतुल लोहरे पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला मुग्गागड बेहट अड्डा थाना मण्डी सहारनपुर, 2. करण पुत्र सौनी निवासी मुग्गागड थाना मण्ड़ी सहारनपुर व उसके अन्य साथियों के द्वारा वादी के दोस्त वेदान्त व आदित्य के साथ लाठी डण्डे व धारदार हाथियारों से जान से मारने की नियत से मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 98/26 धारा 109(1)/190/191(3)/118(1)/ 3(5) बीएनएस के पंजीकृत कराया गया था। पुलिस कार्यवाहीः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सागर पुत्र संदीप निवासी नन्दपुरी कालोनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर को चन्द्रनगर कचहरी के पास सहरनपुर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यावाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। बीते 6 नवंबर 206 को वादी निवासी कस्बा गागलहेडी द्वारा थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर की एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त विकास पुत्र राकेश निवासी अलमासपुर चौक थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा वादी की पुत्री को भगा ले जाने के सम्बन्ध मे थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0स0 245/26 धारा 137(2)/ 87/351(2) बीएनएस के पंजीकृत कराया गया था । पुलिस कार्यवाहीः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गागलहेड़ी धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विकास पुत्र राजेश निवासी अलमासपुर चौक थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर को बोयलर कम्पनी कस्बा गागलहेडी से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

सरकारी आयुध फैक्ट्री से आरएसएस को कैसे मिले 40 हज़ार कारतूस, सरकार कराए जांच - शाहनवाज़ आलम

साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 273वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखनऊ। आरएसएस से जुड़े लोगों के पास से सरकारी आयुध भंडार से निर्मित 40 हज़ार कारतूसों का पकड़ा जाना साबित करता है कि आरएसएस देश में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में है। इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चुप्पी ने इस संदेह को और बढ़ा दिया है कि ऐसी घटनाओं को सरकार का समर्थन हासिल है। सरकार को देश की सुरक्षा से जुड़े इस मामले की जांच करानी चाहिए। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 273वीं कड़ी में कहीं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पिछले दिनों 2 नवंबर को बिहार एसटीएफ ने आरएसएस कार्यकर्ता चंदन तिवारी और अभिषेक तिवारी के पास से 19250 कारतूस पकड़े। जिनसे पूछताछ के आधार पर हरियाणा पुलिस ने रोहतक से दो गाड़ियों से 25000 कारतूस बरामद किए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह कारतूस पुणे की खड़की सरकारी आयुध फैक्ट्री से निकाले गए थे और उत्तर प्रदेश भेजे जा रहे थे। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि आखिर सरकारी आयुध फैक्ट्री से बिना महाराष्ट्र की भाजपा सरकार के मंत्रियों और आरएसएस के सहयोग से कोई कारतूस कैसे निकाल सकता है? उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि इन कारतूसों का उत्तर प्रदेश लाया जाना क्या योगी सरकार के सहयोग के बिना मुमकिन हो सकता था? शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इस तथ्य को नहीं भूला जा सकता कि आतंकी संगठन अभिनव भारत की संस्थापक और गांधी जी के हत्यारे गोडसे की भतीजी और अंग्रेज़ों से माफ़ी मांग कर रिहा हुए माफ़ीवीर विनायक दामोदर सावरकर के भतीजे की पतनी हिमानी सावरकर गोरखनाथ पीठ नियमित तौर पर आया करती थी और गुप्त बैठकों में शामिल होती थी। जिसका उल्लेख ख़ुद एनआईए ने मालेगांव, मक्का मस्जिद और समझौता एक्सप्रेस पर आतंकी हमलों में गिरफ़्तार हिन्दुत्ववादियों के बयानों के आधार पर किया था। उन्होंने कहा कि आरएसएस को अंदाज़ा हो गया है कि उत्तर प्रदेश चुनाव में भाजपा बुरी तरह हारने वाली है। ऐसे में वो उत्तर प्रदेश में अराजकता और आतंक का माहौल बनाने के लिए हिंसा करा सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और इस मामले में उनकी भूमिका की जांच की मांग की।

महिला थाना पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारन्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ममतेश रानी के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर महिला थाना पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सद्दाम पुत्र अमीरुद्दीन निवासी आदर्श कालोनी कस्बा व थाना बागपत, जिला बागपत के रूप में हुई। उसे सम्बन्धित वाद संख्या 525/20 (माननीय न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) एफ.टी.सी. सहारनपुर), मु.अ.सं. 23/17, धारा- 498ए, 323, 506, 504 भादवि व 3/4 दहेज अधिनियम में आदर्श कालोनी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सील्ड गोदाम का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये । अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



टांडा में घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला 38 वर्षीय युवक का शव, गांव में मचा हड़कंप

प्रातः काल एक्सप्रेस

टांडा (अम्बेडकरनगर)। टांडा क्षेत्र के ग्राम पकड़ी भोजपुर में घर के अंदर सोमवार सुबह खुशीराम उम्र 38 वर्ष पुत्र स्व. डोरीलाल का शव साड़ी के फंदे से लटकता मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि खुशीराम रविवार को अपने दो छोटे बच्चों के साथ अपने ससुराल ग्राम लारपुर थाना सम्मनपुर के पास मेला देखने गया था। शाम को जब घर लौटा तो काफी नशे में था। रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब बच्चे छत पर चढ़े तो देखा कि खुशीराम का शव फंदे से लटक रहा है। खुशीराम ने साड़ी से फंदा लगाकर फांसी लगाई थी। कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

चिलकाना में नाले के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, पुराने स्लैब लगाने का आरोप



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। नगर पंचायत चिलकाना सुल्तानपुर के वार्ड नंबर 12 में नवनिर्मित नाले के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों और सपा नेता फरहाद आलम गाड़ा ने सवाल उठा कर नाले की जांच की मांग की। आरोप है कि नाले के ऊपर नए स्लैब लगाने के बजाय पुराने और क्षतिग्रस्त स्लैब रखे जा रहे हैं। स्लैब के बीच खाली जगह होने से राहगीरों, बच्चों और वाहनों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। फरहाद आलम गाड़ा और वार्डवासियों ने प्रशासन से नाले पर नए व मजबूत स्लैब लगवाने, निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। इस दौरान हाज़ी याकूब, हारून मलिक, सैफ मलिक, शमशाद अंसारी, मुस्तफा मलिक, मुकरर्म प्रधान, सुरेश कुमार, नसीम सलमानी आदि मौजूद रहे।